देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:176 | जयपुर, सोमवार, 08 सितम्बर 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## 'कांग्रेस ने सम्राट अशोक का किया अपमान, तेजस्वी गठबंधन से अलग हों', गिरिराज सिंह का आरोप

एजेंसी
**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर देश को अपमानित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर देश राहुल गांधी के इशारे पर चलेगा, तो बर्बाद हो जाएगा। राहुल गांधी विदेश जाकर देश का अपमान करते हैं।केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को बातचीत में कहा, मैं राहुल गांधी, तेजस्वी और लालू यादव से पूछना चाहता हूं कि आखिर वे बिहार को कितनी बार अपमानित करेंगे? एसआईआर को लेकर सीएम स्टालिन से अभद्र टिप्पणी करवाई गई। सीएम रेवंत रेड्डी ने बिहार के डीएनए पर सवाल उठाए और राहुल गांधी ने कश्मीर में क्या करवा दिया? कश्मीर में राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला की सरकार है। भारत का 'अशोक स्तंभ' सिर्फ बिहार के सम्राट अशोक का स्तंभ नहीं है। इसे संविधान और पूरे देश ने अपनाया है। उन्होंने कहा, कश्मीर से लेकर केरल और बिहार तक अभद्र बातें कही गईं और अब वे अशोक सम्राट पर आ गए हैं। राहुल गांधी ने 'हाइड्रोजन बम' फोड़ने की बात कही, लेकिन अंत में 'बीड़ी बम' फोड़ा। कांग्रेस ने बिहारियों की तुलना 'बीड़ी बम' से की, लेकिन ये 'बीड़ी बम' ही उनका 'हाइड्रोजन बम' था। गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव से कांग्रेस गठबंधन से अलग होने की मांग की। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में नेशनल



कॉन्फ्रेंस की सरकार का समर्थन करते हैं, तो तेजस्वी यादव को कांग्रेस से अलग होना चाहिए। इतना ही नहीं, राहुल गांधी को फारूक अब्दुल्ला से संबंध तोड़ना चाहिए, अगर वे उनके साथ गठबंधन नहीं तोड़ते हैं, तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए। पहले उन्होंने पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की और अब वे सम्राट अशोक पर आ गए हैं। सम्राट अशोक सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश की आन-बान-शान हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जीएसटी को लेकर कहा, अगर देश राहुल गांधी के इशारे पर चलेगा, तो बर्बाद हो जाएगा। राहुल गांधी विदेश जाकर देश का अपमान करते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि जीएसटी में सुधार का फैसला पीएम मोदी की गरीबों, मध्यम वर्ग और देश के प्रति सोच और भावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने 27 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। अब जीएसटी को सरल और कम करके, उन्होंने दुर्गा पूजा और दीपावली पर देवी लक्ष्मी से प्रार्थना की ताकि गरीब घरों में त्योहार ठीक से मनाए जा सकें। इसीलिए उन्होंने इसे लागू किया। ऐसे मौके हर साल आते रहेंगे और पीएम मोदी इसी तरह तोहफे देते रहेंगे। गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, वे अनाप-शनाप बातें करते हैं। अगर उनको समझ में नहीं आता तो किसी से भी पूछ लें, लेकिन कम से कम बिहार का अपमान न करें। अपने पिताजी के कार्यकाल को याद करें।

## झारखंड : मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली ढेर

एजेंसी
**पश्चिमी सिंहभूम**। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेलापराल गांव स्थित बुरजुवा पहाड़ी पर रविवार सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 लाख के इनामी नक्सली को मार गिराया है। चाईबासा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में नक्सलियों का मूवमेंट है। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम रविवार तड़के रेलापराल इलाके में सर्च अभियान पर निकली। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियां चलानी शुरू कर दीं। कई घंटे तक चली इस मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया। उस पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। घटनास्थल से शव और हथियार मिले हैं।मुठभेड़ के दौरान बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और जंगल में सघन सर्च अभियान जारी है। एसपी राकेश रंजन ने मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

## अक्षय कुमार ने जुहू बीच साफ कर लोगों को दी सीख, बोले, 'सफाई सबकी ड्यूटी'

**मुंबई**। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार को रविवार को मुंबई के जुहू बीच पर देखा गया। यहां वे एक सफाई अभियान में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने समुद्र तट की सफाई की और लोगों को खास संदेश भी दिया। दरअसल, मुंबई के जुहू बीच पर गणपति विसर्जन के बाद कूड़ा-कचरा फैल जाता है। इसी कारण उसकी सफाई के लिए अभिनेता अक्षय कुमार भी पहुंचे। सफाई अभियान के दौरान उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने कहा, ज्ञान सिखाता है कि हमें स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री भी समय-समय पर इस पर जोर देते रहते हैं। स्वच्छता केवल सरकार का कर्तव्य नहीं है, न ही केवल बीएमसी की जिम्मेदारी है, बल्कि यह जनता की भी जिम्मेदारी है।



इस स्वच्छता अभियान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी भी शामिल हुए। इसकी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में अक्षय कुमार कचरे को थैलों में डालते दिखाई दे रहे हैं। उनके साथ अमृता और अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में अक्षय कुमार ने पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए 5 करोड़ रुपए दान किए थे। अक्षय कुमार ने लोगों से भी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गुहार लगाई थी।

## मोदी पर्यावरण संरक्षण को बना रहे है जन आंदोलन-पूनावाला

**नई दिल्ली**। ऐसी दुनिया में जहां एक तरफ जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव स्पष्ट हैं और दूसरी तरफ जलवायु परिवर्तन से इनकार करने वाली गैर-जिम्मेदाराना और अपरिपक्व सोच मौजूद है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को ऐसी आशा की किरण बनाया है, जो पर्यावरण संरक्षण को विकसित भारत 2047 के रोडमैप में शामिल कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अपने एक लेख में कहा कि श्री मोदी का पर्यावरण के प्रति जुनून गुजरात में उनके मुख्यमंत्री काल से शुरू हुआ जहां उन्होंने 2009 में भारत का पहला जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित किया। यह उस समय एक अग्रणी कदम था जब वैश्विक जलवायु चर्चा प्रारंभिक थी और इनकार आम था। उनकी ज्योतिग्राम योजना ने गांवों में 24 घंटे एवं सात दिनों बिजली पहुंचाई, जिससे डीजल का उपयोग कम हुआ और नवीकरणीय ऊर्जा की नींव रखी गई। चारणका सोलर पार्क ने गुजरात को सौर ऊर्जा का पावरहाउस बनाया। उन्होंने लिखा है कि पीएम मोदी की पुस्तक, सुविधाजनक कार्रवाई- जलवायु परिवर्तन पर गुजरात की प्रतिक्रिया (2011) में नहर के ऊपर सौर पैनल और टिकाऊ शहरी नियोजन जैसे नवाचारों का वर्णन है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे बाढ़ग्रस्त पंजाब का दौरा

### 9 सितंबर को गुरुदासपुर जाएंगे

एजेंसी
**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित पंजाब का दौरा करेंगे।इस दौरान वे बाढ़ प्रभावित इलाके के लोगों से बातचीत कर हालात के बारे में जानेंगे।भाजपा की पंजाब इकाई की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी गई है।

पार्टी की तरफ से एक्स पोस्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 सितंबर को पंजाब के गुरुदासपुर आ रहे हैं। वे बाढ़ प्रभावित लोगों और किसानों से सीधे मुलाकात कर उनका दुख साझा करेंगे और पीड़ितों की मदद के लिए कदम





उठाएंगे। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने अमृतसर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के आकलन के लिए दो केंद्रीय दल भी पंजाब दौरे हैं जो केंद्र को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

उल्लेखनीय है कि पंजाब के ज्यादातर जिले इन दिनों बाढ़ की चपेट में हैं। इससे राज्य के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे हो रहे व्यापक नुकसान को देखते हुए केंद्रीय आर्थिक मदद की मांग लगातार हो रही है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी नीतीश सरकार की रोजगार योजनाः सम्राट चौधरी

एजेंसी
**पटना**। बिहार में महिला रोजगार योजना की औपचारिक शुरुआत हुई। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह कदम बिहार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए सरकार ने तय किया है कि राज्य की 2 करोड़ 70 लाख महिलाओं को रोजगार से जोड़कर बिहार की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा। सम्राट चौधरी ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि जिस बेटी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 20 साल पहले साइकिल और पोशाक देकर शिक्षा के लिए प्रेरित किया था। आज वही बेटी 30-35 साल की होकर मां बन चुकी है। अब उसकी आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता के लिए मुख्यमंत्री रोजगार का अवसर देने जा रहे हैं। यह सिर्फ रोजगार देने की योजना नहीं, बल्कि बिहार में उद्योग खड़ा करने का एक बड़ा लक्ष्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के तहत करीब 2 करोड़ 70 लाख महिलाओं को रोजगार के लिए सहयोग मिलेगा। इस दिशा में महिलाओं को 2 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी, जिसमें सितंबर से ही 10 हजार रुपए की पहली किस्त दी जाएगी ताकि महिलाएं स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ा सकें और अपने परिवार को आगे बढ़ा सकें।सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि जीविका दीदियों के ग्रुप ने बिहार में महिलाओं को समृद्धि का प्रतीक बना दिया है। महिलाएं उद्योग चला रही हैं और अब इस नई योजना से उन्हें और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जैसे नीतीश कुमार ने बच्चियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया था, वैसे ही अब रोजगार के क्षेत्र में मदद करके उन्हें फिर से प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' में स्वदेशी खेल सामग्री का समर्थन किया

एजेंसी
**नई दिल्ली**। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसकी थीम 'गर्व से स्वदेशी' थी। इस मौके पर मांडविया ने स्वदेशी खेल उपकरण, जिम वियर और जूतों के अलग-अलग स्टॉल का दौरा किया और भारतीय निर्माताओं के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सराहना की।

मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा, हमारा घरेलू खेल उद्योग फिटनेस और खेलों को किफायती और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे खुशी है कि पीएम मोदी ने जीएसटी कम कर दी है। स्पोर्ट्स गुड्स से जुड़े सभी व्यापारियों ने पीएम मोदी को इसके लिए धन्यवाद दिया है। पहले स्वदेशी जूते 2,000 रुपए में मिलते थे। अब जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत रह गई है। ऐसे में इनकी कीमत 1,650 रुपए रह गई है। अब खिलाड़ियों को कम कीमत पर जूते मिल सकेंगे। उन्हें इसके लिए 350 रुपए कम चुकाने होंगे।

उन्होंने कहा, साइकिल पर भी जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर 5



प्रतिशत रह गई है। इसकी कीमत 1,500 रुपए कम हो गई है। साइकिल स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण है। साइकिलिंग फिटनेस का मंत्र और 'पॉल्युशन का सॉल्यूशन' भी है।

केंद्रीय मंत्री का यह दौरा हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों की पृष्ठभूमि में हुआ है, जिसके तहत कई खेल वस्तुओं पर जीएसटी 18-12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। स्टॉल मालिकों और ब्रांड प्रतिनिधियों ने इस राहत के लिए केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि कम दरों से उपभोक्ताओं की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है और बिक्री में वृद्धि हुई है।

स्वदेशी ब्रांड चलाने वाले एक व्यापारी ने कहा, हमें खुशी है कि स्पोर्ट्स इंडिया के जरिए सरकार सपोर्ट कर रही है। जीएसटी कम होने की वजह से उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलेगा। कीमतों में काफी कटौती होगी।

फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले इस साप्ताहिक साइकिलिंग कार्यक्रम में एथलीट्स, फिटनेस प्रेमियों और आम जनता ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## मुंबई में गणपति जुलूस के दौरान हादसा, हाईटेंशन तार गिरने से एक व्यक्ति की मौत, 5 झुलसे

एजेंसी
**मुंबई**। मुंबई में गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि गणपति विसर्जन जुलूस के दौरान एक हाईटेंशन तार गणपति ट्रॉली पर गिर गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो नाबालिगों सहित 5 अन्य लोग झुलस गए। जानकारी के अनुसार, यह घटना खैरानी रोड पर गजानन मित्र मंडल के विसर्जन जुलूस के दौरान हुई। जब जुलूस साकीनाका पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खैरानी रोड पर संमन होटल के पास पहुंचा, तो गणपति ट्रॉली से तार हटाने की कोशिश के दौरान 6 लोगों को बिजली का झटका लगा। अधिकारियों के अनुसार, घटना में झुलसे 5 लोगों को



साकीनाका के पैरामाउंट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। एक अन्य व्यक्ति को अंधेरी (पूर्व) के सेवन हिल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान 36 वर्षीय बिनु सुकुमारन के रूप में हुई, जो खैरानी रोड इलाके का निवासी था। घायलों में धर्मराज सुखदेव गुप्ता (49), तुषार दिनेश गुप्ता (20) और शंभु नव नाथ कामी (20) के अलावा एक 14 वर्षीय करण कनोजिया और 6 साल का बच्चा अनुष गुप्ता शामिल है। इससे पहले, कर्नाटक के विजयपुरा में भी इस तरह की एक घटना हुई है। हफ्ते की शुरुआत में विजयपुरा में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिजली के तार की चपेट में आने से एक युवक की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। यह दुर्घटना डोबले गली के पास गांधी चौक पर हुई, जब तीनों लोग लाठी से बिजली के तार को हटा रहे थे। इसी दौरान वाहन और डीजे सिस्टम तार की चपेट में आ गए।

## कांग्रेस को अभी लोकतंत्र के बारे बहुत कुछ सीखना हैं-पूनियां

एजेंसी
**जोधपुर**। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा हरियाणा प्रभारी डा सतीश पूनियां ने कांग्रेस को लोकतंत्र के बारे में और सीखने एवं नैतिक प्रशिक्षण लेने की जरुरत बताते हुए कहा है कि उसके नेता सत्ता से हटते ही मानसिक रूप से इतने विचलित हो जाते हैं कि विपक्ष की भूमिका के बारे में भी उन्हें कोई संज्ञान नहीं है। डा पूनियां ने अपने जोधपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भले ही सबसे पुरानी पार्टियों में से एक हो, लेकिन उसे अभी भी देश के लोकतंत्र के बारे में बहुत कुछ सीखना है। इसके नेता सत्ता से हटते ही मानसिक रूप से इतने विचलित होते हैं कि विपक्ष की भूमिका के बारे में भी उन्हें कोई संज्ञान नहीं है। इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व दोषी है। उन्होंने कहा कि वे सत्ता के बिना नहीं रह सकते है और एक रचनात्मक विपक्ष किसी भी देश के लोकतंत्र की ताकत होता हैं लेकिन आज की राहुल गांधी कांग्रेस ने उस युग धर्म को भुला दिया हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को नैतिक प्रशिक्षण की जरुरत हैं कि विपक्ष में और देश के प्रति मुद्दों को सकारात्मक रुप से कैसे रखे और सदन की गरिमा को कैसे बनाये रखे।



## वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा आयोगः खरगे

एजेंसी
**नई दिल्ली** । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है।

उन्होंने इस संदर्भ में कुछ पुराने उदाहरण देते हुये कहा कि मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवेदनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिये गये। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जाँच में 5,994 जाली आवेदनों का



पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जाँच का आदेश दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने इस प्रक्रिया में चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा लेकिन यहाँ पेच यह है जहाँ चुनाव आयोग ने पहले जालसाजी का पता लगाने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों का एक हिस्सा साझा किया था वहीं अब उसने महत्वपूर्ण जानकारी को छुपा दिया है - और वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। आयोग ने अचानक महत्वपूर्ण सबूत क्यों रोक दिए। यह किसे बचा रहा है।

भाजपा के वोट चोरी विभाग को। क्या चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में सीआईडी जाँच को पटरी से उतार रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा होनी चाहिये। भारतीय लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिये।

## झारखंड में इस वर्ष 24 नक्सली ढेर

### मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य

एजेंसी
**रांची**। झारखंड को मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने के लक्ष्य के साथ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस और सुरक्षा बलों ने इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक कुल 24 नक्सलियों को मार गिराया है। ताजा कार्रवाई रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर हुई, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों ने दस लाख के इनामी नक्सली अमित हांसदा उर्फ अपटन को ढेर कर दिया। बोकारो जिले के ढोडी गांव का रहने वाला अमित 60 से अधिक नक्सली वारदातों में वांटेड था। पुलिस ने इस साल मार्च में उसके घर पर इश्तेहार



चस्पा कर सरेंडर की चेतावनी दी थी। लेकिन, उसने हथियार डालने के बजाय संगठन की गतिविधियों को और तेज कर दिया था। वह कम से कम बीस बार मुठभेड़ों से बच निकला था। झारखंड पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में हर महीने औसतन तीन नक्सली मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। पुलिस का अनुमान है कि वर्तमान में राज्य में 100 से 150 माओवादी सक्रिय हैं। फिलहाल, 58 नक्सली इनामी सूची में हैं, जिन पर कुल 5 करोड़ 46 लाख रुपए का इनाम घोषित है। झारखंड पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में भाकपा माओवादी के 13 बड़े नक्सली हैं, जिनमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल पर एक-एक करोड़ का इनाम है। इनके अलावा अनमोल, मोछु, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, जयकांत और रापा मुंडा भी सूची में शामिल हैं। इस साल नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी मुठभेड़ 21 अप्रैल को हुई थी, जब बोकारो जिले के लुगु पहाड़ पर एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ माओवादी मारे गए थे।इसके बाद 16 जुलाई को पुलिस ने बोकारो में 25 लाख के इनामी कुंवर मांझी समेत दो नक्सलियों को मार गिराया था। 5 अगस्त को गुमला में पीएलएफआई संगठन के कमांडर और 15 लाख के इनामी मार्टिन केरकेट्टा को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। 24 मई को लातेहार में हुई मुठभेड़ में जेजेएमपी सुप्रीमो और दस लाख के इनामी पप्पू लोहरा तथा पांच लाख के इनामी प्रभात गंझू मारे गए थे। डीजीपी अनुराग गुप्ता का दावा है कि झारखंड से 95 प्रतिशत नक्सलवाद का सफाया हो चुका है और बचे हुए उग्रवादियों की तलाश तेज की गई है। पहले बारिश में अभियान रोक दिए जाते थे, लेकिन इस बार कार्रवाई लगातार जारी रही।

# पैसे के विवाद में घटित घटना में तीन लोगों को हिरासत में , इलाज के दौरान एक की मौत

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**

वैशाली जिले अन्तर्गत राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के चौसीमा कल्याणपुर ग्राम में आइसक्रीम के पैसे के विवाद में घटी घटना में तीन व्यक्ति के हिरासत में लिए जाने के बाद एक व्यक्ति मोहम्मद नासिर शाह के पुलिस हिरासत में रविवार की सुबह इलाज के दौरान सदर अस्पताल हाजीपुर में मौत के बाद घटना और भयावह हो गई. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वैशाली द्वारा राजापाकर थाने में वैशाली जिले के लगभग सभी थानों के थानेदारों को सुरक्षा बलों के साथ शांति व्यवस्था कम रखने को भेजा गया. वहीं पुलिस लाइन से दो



बस महिला पुरुष सुरक्षा बल घटनास्थल चौसीमा कल्याणपुर भेजा गया. वहीं अनुमंडल पदाधिकारी महुआ किसलय कुशवाहा, एसडीपीओ महुआ, एसडीपीओ महजार, एसडीपीओ हाजीपुर ,बीडियो आनंद प्रकाश, सीओ गौरव कुमार राजापाकर थाना पहुंचे एवं शांति व्यवस्था कायम रखने को ले बखरी बड़ाई पंचायत के मुखिया अरशद हुसैन के साथ बैठक किया .जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय उपरांत हाजीपुर सदर अस्पताल में मृतक नासिर शाह के पोस्टमार्टम हेतु पांच व्यक्ति को हाजीपुर भेजा गया. जहां जहां पोस्टमार्टम उपरांत शव को निर्धारित पांच व्यक्ति को दिया गया. शव लेकर सभी व्यक्ति चौसीमा कल्याणपुर ग्राम पहुंचे जहां पुलिस सुरक्षा बलों की भारी व्यवस्था की गई है .समाचार लिखे जाने तक शव को कब्र में दफन नहीं किया गया था. क्योंकि मृतक के सभी परिजन दूर-दूर शहरों में गए हुए थे .उनके आने की प्रतीक्षा की जा रही थी. परिजनो ने बताया कि शव का सुपुर्द खाक मुस्लिम समाज की सभी प्रक्रिया को पूरा करते हुए लगभग 9 से 10 बज जाएंगे. वही हिरासत में लिए गए व्यक्ति के मौत के संबंध में पूछे जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी महुआ किसलय कुशवाहा ने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति नासिर शाह की रविवार सुबह अचानक तबीयत खराब होने के बाद सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया था . जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई .पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर की परिजनों द्वारा पुलिस की पिटाई से हत्या की बात कही जा रही है. इस पर एसडीओ महुआ ने कहा कि यह जांच का विषय है .पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है कि कैसे मौत हुई. यदि पिटाई की बात आती है तो जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी.

वही खुशियों से भरा घर पलभर में मातम में बदल गया. चौसिमा कल्याणपुर गांव के मोहम्मद नासिर साह के बेटे नसरुद्दीन की रविवार को बारात निकलनी थी. तथा दूसरे बेटे मोहम्मद अहसान कि कल बारात जाने वाली थी. घर में सारी तैयारी पूरी हो गई थी. समियाना टेंट लगाए गए थे. शादी के लिए घर में मिठाइयां बनकर तैयार थी. लेकिन सुबह-सुबह खबर आई कि पुलिस कस्टडी में नासिर की मौत हो गई है. घर में जहां शहनाई बजनी थी, वहां रोने-चीखने की आवाजें गूंज उठीं. बारात की जगह मौत की खबर आई और पूरा गांव गम में डूब गया.

## गमी में जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी महिलाये घायल



**देश का दर्पण..दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना नदबई (भरतपुर)** उपखंड के लखनपुर थाना क्षेत्र में रविवार शाम बड़ा हादसा हो गया। गांव अटारी की सपाट पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बछामदी गांव की दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के मुताबिक, बछामदी से कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर अलीपुर गांव गमी में शामिल होने जा रहे थे। करीब 5:40 बजे ट्रैक्टर जैसे ही अटारी की सपाट पर पहुंचा, अचानक संतुलन बिगड़ गया और ट्रॉली पलट गई। हादसे में पूरनदेई (38) और मछला (46) निवासी बछामदी घायल हो गईं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। ईएमटी चंद्रशेखर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को भरतपुर आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रॉली में सवार अन्य लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में सौ वर्षीय उत्सव झ्र जॉर्जियन कार रैली पहुँची धौलपुर

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया)7 सितंबर।**



जॉर्जियन्स के भव्य शताब्दी उत्सव के उपलक्ष्य में, 6 सितम्बर से 20 सितम्बर तक जॉर्जियन शताब्दी कार रैली का आयोजन किया जा रहा है, जो देशभर के सभी जॉर्जियन स्कूलों को कवर करेगी। यह रैली एक ऐतिहासिक अवसर है, जो पिछले सौ वर्षों में जॉर्जियन्स की गौरवशाली यात्रा, विरासत और भाईचारे का प्रतीक है।

यह कार रैली 6 सितम्बर की संध्या को राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में पहुँची, जहाँ कैडेट्स और स्टाफ ने प्रतिभागियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। 7 सितम्बर को इस रैली को राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, के प्रधानाचार्य, लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शर्मा ने झंडा दिखाकर रवाना किया इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे ।

यह रैली केवल विभिन्न परिसरों की यात्रा भर नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और अमर जॉर्जियन भावना का उत्सव है। आरएमएस में आयोजित यह कार्यक्रम एक गौरवपूर्ण क्षण के रूप में स्मरणीय रहेगा, जो विद्यालय की समृद्ध धरोहर और राष्ट्र के प्रति योगदान को दशार्ता है।

# पंचायत सरकार भवन में सारी व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध है - विधायक डॉ मुकेश रौशन

**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**

इन दिनों हर पंचायत में बिहार सरकार पंचायत सरकार भवन बनाने की व्यवस्था है उन्हीं व्यवस्थाओं के तहत पंचायत सरकार भवन होने से मंसूरपुर हलैया पंचायत की जनता को प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

इस भवन मुखिया, उपमुखिया, सरपंच, उपसरपंच के लिए कार्यालय की व्यवस्था है। आरटीपीएस, डाकघर, पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारी के कार्यालय की व्यवस्था है। मंसूरपुर हलैया की जनता एवं छात्र छात्राएं शिक्षा के लिए ऑनलाइन करने के लिए



अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। उक्त बातें लगभग तीन करोड़ की लागत से नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन मंसूरपुर हलैया के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महुआ विधायक डॉ मुकेश रौशन ने कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि मैं सजगता से जनता के दुख सुख में रहकर तत्परता से काम करता हूँ। विधानसभा क्षेत्र के किसी भी समस्या को गंभीरता से उठते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रसर रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मंसूरपुर हलैया के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष शंभु शरण राय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आनन फानन में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन मंसूरपुर हलैया का उदघाट्न किया? किया गया। जिसके कारण अतिथि एवं जनता के लिए समुचित व्यवस्था नहीं कर पाया। इस मौके पर चेहराकलां व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सह रुसुलपुर फतह पंचायत पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार ,

सफदर रेयाज, बब्लू यादव, देव प्रसाद यादव, देवेंद्र राय, राज नारायण राय, राज नंदन राय, मुखिया

रामदीप कुमार, नंद किशोर राय, अशोक कुमार राय, रविन्द्र कुमार, अमरनाथ राय, अरविंद ठाकुर, मच्छु शर्मा, वीरेन्द्र राम, समेत अन्य लोग शामिल थे।

## बाड़ी -विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने अपनाघर सेवा समिति में प्रभुजीयों से मिले



**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया) 7 सितंबर।**
विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल धौलपुर धौलपुर आये। बृज प्रांत विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री राजेश,जिला अध्यक्ष सत्येंद्रभारद्वाज,प्रांत परियोजना प्रमुख राम प्रकाश, रिंकू सिंह जिला बजरंग दल प्रमुख आदि ने भी

अपना घर सेवा समिति बाड़ी में अपना घर के प्रभ्रुओं से मिले एवं अपना घर संरक्षक कमलेश आर्य,मनोज मोदी, एवं अन्य पदाधिकारीयों से संपर्क किया अपना घर की व्यवस्थाओं एवं सेवाओं पर हृदय से आभार व्यक्त कियातदुपरांत विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री वैद्य गिरीश कुमार

प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले तथा जिला समरसता प्रमुख दारा सिंह पचौरी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल, एवं शराजेश ब्रज प्रांत संगठन मंत्री,जिला अध्यक्ष सत्येंद्र भारद्वाज एवं ब्रज प्रांत केअन्य पदाधिकारीयों का वैद्य गिरीश कुमार जिला मंत्री द्वारा उद्बोधन देकर जिला धौलपुर में पधारने पर हृदय से आभार व्यक्त किया एवं विश्व हिंदू परिषद की जिले में चल रही गतिविधियों को अवगत कराया। राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल द्वारा गौ रक्षा एवं को संवर्धन के बारे में चिंता जताई। गोरक्षा के लिए और कारगर कदम उठाए जाने चाहिए।

यातायात के दौरान मार्ग में बैठे गोवंश एवं नदी के प्रति चिंता जताई।
इस मौके पर अपना घर कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही।

## युवाओं ने स्टेज परफॉर्मेंस से दिया संस्कृति संरक्षण का संदेश

## -ज्ञान सागर क्लासेज का वार्षिक समारोह ज्ञानमंथन-2025



**जयपुर**
**बरसात** की बूंदों के साथ जैसे-जैसे युवाओं के कदम स्टेज पर थिरके संस्कृति के दर्शन परफॉर्मेंस में होने लगे। परफॉर्मस ने न केवल शानदार प्रस्तुतियों से मुग्ध किया, बल्कि समाज में संदेश पहुंचाने का प्रयास स्टेज से किया। ये अनूठा नजारा था ज्ञान सागर क्लासेज वार्षिक समारोह ज्ञानमंथन-2025 का, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा रहे। दुगार्पुर स्थित ऑडिटोरियम में डॉ. बैरवा ने कार्यक्रम शुभारंभ भी किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में कैलाश वर्मा (विधायक, बागरू), अमित गोयल (भाजपा जिला अध्यक्ष), गोपाल शर्मा (विधायक), राजेश कर्नल, सुशील ओझा (विप्र फाउंडेशन) के साथ जयपुर आईसीएमएआई समिति, एनआईआरसी आईसीएमएआई समिति, आईसीएसआई समिति तथा आईसीएआई समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने प्रस्तुतियों से संस्कृति संरक्षण का संदेश भी दिया। वहीं वार्षिक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। स्टेज से ही सबने उपलब्धियां बताईं तो ऑडिटोरियम में बैठे दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया

# पंजाबी पुरा गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में मां-बेटा घायल हो गए

**धौलपुर जिले के** बाड़ी में बसेड़ी रोड पर पंजाबी पुरा गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में मां-बेटा घायल हो गए। सिंगोरई गांव की रहने वाली 45 वर्षीय अंगूरी और उनका बेटा रायसिंह दोपहर 12 बजे बाड़ी अस्पताल से इलाज करवाकर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। अंगूरी के सिर में गंभीर चोट आई। रायसिंह के हाथ और पैर में चोटें आईं। दोनों को एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल ले जाया गया। रायसिंह का वहीं इलाज किया गया। अंगूरी की हालत गंभीर होने के कारण



डॉक्टरों ने उन्हें धौलपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार लोग मौके से फरार हो गए। सदर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## करंट से भैंस की मौत, ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**कैथल (कृष्ण प्रजापति)**: कलायत हल्के के गांव जुलानी खेड़ा में एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें करंट लगने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पशुपालक दीपाराम अपनी भैंस को गांव के तालाब की ओर ले जा रहा था। इस दौरान जब भैंस ट्रांसफार्मर के पास से गुजरी तो अचानक उसका शरीर पोल से लग रही तार को छू गया।



तार में करंट होने के कारण भैंस ने वहीं मौके पर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। साथ ही डायल 112 की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। ग्रामीणों और पशुपालक ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर पोल के आसपास बिजली की तारें ठीक से व्यवस्थित नहीं थीं, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। ग्रामीणों की मांग है कि

बिजली विभाग इस घटना की जिम्मेदारी ले। भविष्य में ऐसे हादसों से बचाव के लिए तारों और पोल की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाए।पीड़ित पशुपालक को उचित मुआवजा दिया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## सवारियां सेठ पहुंचे शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता, कांग्रेस नेता सचिन पायलट को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकताओं का एक बड़ा दल आज कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए सवारियां सेठ पहुंचा।इस आयोजन का नेतृत्व विधानसभा



क्षेत्र के कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर ने किया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने सचिन पायलट के दीघार्यु और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।इस मौके पर कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रमेश सेन, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, नगर उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, नगर महामंत्री ओम सिंधी, वरिष्ठ नेता लादूराम खटीक, पप्पू जैन लसाडिया तथा आरिफ मोहम्मद शामिल थे।सैकड़ों की संख्या में जुटे कार्यकताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सचिन पायलट के प्रति अपनी निष्ठा और समर्थन जताया।

## निलॉन्स मेगा डिस्ट्रीब्यूटर मीट 2025 : रिश्तों को मजबूत करना, नए नवाचारों की शुरूआत



**निलॉन्स** एंटरप्राइजेज, जो भारत का सबसे बड़ा अचार और टूटी-फ्रूटी निमार्ता है, ने सफलतापूर्वक अपना मेगा डिस्ट्रीब्यूटर मीट 2025 हॉलिडे इन, जयपुर में आयोजित किया। इस आयोजन में राजस्थान के केंद्रीय क्षेत्र से आए 150 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स और सुपर स्टॉकिस्ट्स ने भाग लिया, जिससे निलॉन्स की इस गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई कि वह अपने डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क को केवल व्यापारिक भागीदार नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा मानता है। इस मीट की शोभा बढ़ाई एमआर. दीपक संघवी, चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर ने, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिस्ट्रीब्यूटर्स से एक-एक करके संवाद किया और उनके अनुभवों एवं आकांक्षाओं को समझा। इस अवसर पर उपस्थित रहे -एमआर. सुनीत झा - चीफ रेवेनुए ऑफिसर, एमआर. विजय वर्मा - नेशनल सेल्स हेड, एमआर. संतोष सिंह ने लीडरशिप और पार्टनर नेटवर्क के बीच के रिश्ते को और गहरा किया।

## शाहपुरा के खिलाड़ियों ने जिला पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम तीन स्वर्ण पदक जीते, विनोद जोशी को मिला "स्ट्रॉंग मेन" का खिताब

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में जिला स्तरीय जूनियर, सीनियर और मास्टर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शाहपुरा के दी बॉलर्स जिम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए।टीम कोच अंकित कसेरा ने बताया कि शाहपुरा से शामिल हुए विनोद जोशी, एडवोकेट दीपक पारीक और कार्तिकेय दाधीच ने अपनी-अपनी कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया। मास्टर वर्ग में विनोद जोशी को ह्लस्ट्रॉंग मेनह्व का खिताब भी प्रदान किया गया।भीलवाड़ा जिला पावरलिफ्टिंग संगठन के



सचिव महेंद्र प्रताप ने कहा कि शाहपुरा के खिलाड़ियों ने न सिर्फ जिले बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की मेहनत और लगन आने वाले प्रतियोगिताओं में भी कामयाब होगी।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विनोद जोशी को राष्ट्रीय स्तर पर और एडवोकेट दीपक पारीक को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। दी बॉलर्स जिम के निर्देशक सुनील कसेरा ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कठिन मेहनत और निरंतर अभ्यास का नतीजा है।

## भारी बारिश के चलते नगर के कई क्षेत्रों में पानी भर गया। स्थिति का विधायक व अधिकारी गणों जायजा लिया व दिए निर्देश

**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा** में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते नगर के कई क्षेत्रों में पानी भर गया। स्थिति का जायजा लेने के लिए शाहपुरा विधायक लालाराम बेरवा, नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, उपखंड अधिकारी एवं भाजपा कार्यकताओं ने नगर भ्रमण



किया।प्रशासन की ओर से जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी के लिए पंप सेट लगाए जा रहे हैं। साथ ही नालों की सफाई करवाई जा रही है ताकि बारिश का पानी जल्दी बहाव पकड़ सके। नगर पालिका कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और टीमों को प्रभावित वार्डों में तैनात किया गया है।विधायक लालाराम बेरवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या को शीघ्र दूर किया जाए और किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाए गए हैं।

## राठौर की जन्म जयंती पर बदनोर में 102 यूनिट रक्तदान किया



**सुरज वर्मा**

भीलवाडा ज़िले के बदनोर में 7 सितंबर को वीर शिरोमणि जयमल राठौर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में बदनौर में आज रविवार को विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया इसमें रक्त वीरों ने बहुत ही उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा करनी सेना के अध्यक्ष बबलू बना की ओर से सभी रक्त दाताओ को रक्त दान के लिए प्रेरित किया जिसके कारण 102 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।नीतू कंवर पुत्री रतन सिंह राठौड़ पडासोली ने रक्त दान कर महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया। मेडिकल टीम भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टेक्नीशियन टीम ने पूरी जिम्मेदारी के साथ रक्त संग्रहण किया तथा टीम प्रभारी त्रिलोक चंद्र वर्मा एवं कैलाश लोकेश सुवालका ने सभी रक्तदाताओ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस पुनित कार्य मैं दिए गए योगदान पर हृदय से आभार व्यक्त किया

# बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए आगे आए संगठन, सर्विस क्लब, विश्वास फाउंडेशन, जय हो क्लब ने दिया बड़ा योगदान

**अमृतसर, 07सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

**प्रतिष्ठित संगठन,** दानदाता, संघ और अन्य लोग बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुँचाने और उनके पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन को सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं। सर्विस क्लब अमृतसर के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह छीना आईपीएस और उनकी प्रबंधन टीम ने अजनाला स्थित कैंप कार्यालय में सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी अमृतसर के माध्यम से उपायुक्त अमृतसर श्रीमती साक्षी साहनी को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा। इसके अलावा, पहले से दान किए गए 1 लाख रुपये के चेक भी दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सर्विस क्लब भविष्य में आपदाओं का सामना करने के लिए आवश्यक अन्य सेवाओं के लिए भी हमेशा तैयार है।



ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के सहायक महासचिव श्री राजीव अरोड़ा और अध्यक्ष नकुल शर्मा द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए उपायुक्त को 151,000 रुपये का चेक भेंट किया गया, जबकि पंजाब नेशनल बैंक अमृतसर के समस्त स्टाफ और प्रबंधन द्वारा कृष्ण कुमार सर्कल प्रमुख और हिम्मत उप-सर्कल प्रमुख को 2.5 लाख रुपये का चेक भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे जनता की सेवा के लिए उपायुक्त द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे। इस बीच, जय हो क्लब अमृतसर के अध्यक्ष श्री विक्की दत्ता ने उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी के नेतृत्व में 50 बाढ़ प्रभावित परिवारों को सिलेंडर, चूल्हे, पलंग, बिस्तर, आवश्यक घरेलू बर्तन और गद्दे जैसी आवश्यक घरेलू वस्तुएं वितरित कीं।

इस बीच, आज विश्वास फाउंडेशन पंचकूला की साध्वी नीलमा विश्वास, सचिव ऋषि विश्वास, सुशील टोंक और रमेश सुमन ने प्रभावित क्षेत्रों में वितरण के लिए उपायुक्त को 2000 चादरें, 2500 सैनिटरी पैड, 500 तिरपाल और 400 बैग पशु आहार भेंट किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्रीमती साहनी ने इस बहुमूल्य योगदान के लिए संस्थाओं का धन्यवाद किया और कहा कि आपकी बदौलत हम जल्द ही इस संकट से बाहर निकल आएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त श्री रोहित गुप्ता, डीएम मार्कफेड मनिंदर पाल सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## धौलपुर जिले की बाड़ी उपखण्ड के बसेड़ी रोड स्थित अपना घर आश्रम में आज विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने दौरा किया।



**धौलपुर** जिले की बाड़ी उपखण्ड के बसेड़ी रोड स्थित अपना घर आश्रम में आज विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने दौरा किया। श्राद्ध पक्ष के पहले दिन उन्होंने खेरागढ़ और आगरा के साथियों के साथ आश्रम पहुच अवलोकन किया।

बंसल ने आश्रम में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने भोजन व्यवस्था,चिकित्सा सुविधाएं और अन्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्हीने बताया कि आश्रम में मरीजों की शास्त्रोक्त विधि से सेवा की जा रही है।विनोद बंसल ने कहा कि आश्रम का हर दृश्य मन को प्रसन्न करने वाला है। उन्होंने भर्ती मरीजों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि मरीज जल्द ही अपने परिवार से मिल सकें।कार्यक्रम में वीएचपी के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें आगरा बृज प्रांत के संगठन मंत्री राजेश कुमार, खेरागढ़ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश भारद्वाज,बजरंग दल के सह मंत्री रिंकू सिंह शामिल थे। धौलपुर वीएचपी के जिला मंत्री बैद्य गिरीश शर्मा,समरसता प्रमुख धारा सिंह पचौरी के साथ बाड़ी प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले और आश्रम की महिला संरक्षक कमलेश आर्य,मनोज मोदी भी उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए आगे आए अभिनेता राज जांगिड़

**जयपुर।** राजस्थानी फिल्म अभिनेता राज जांगिड़ ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए मुख्यमंत्री बाढ़ सहायता कोष में 11 हजार रुपये की राशि जमा कर सहयोग की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात किसी भी प्रदेश या राज्य में कभी न आएं। जांगिड ने बताया कि पंजाब एक ऐसा प्रदेश है, जहां से कोई भी सिख भाई दुनिया में भिख मांगते नहीं दिखते। वे खुद्दार होते हैं और जब भी देश पर संकट आया है, तब सबसे पहले पंजाब के लोग ही तन-मन-धन से साथ देने पहुंचे हैं। कई बार तो उन्होंने अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान सरकार, प्रदेशवासी और राजस्थान रॉयलवुड फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़े सभी लोग इस कठिन घड़ी में अधिक से अधिक सहयोग करें। जांगिड ने कहा कि बाढ़ ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया है, हजारों मवेशी बह गए हैं और बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे गम्भीर हालात से जूझ रहे हैं। ऐसे में सभी को मिलकर मदद के लिए आगे आना चाहिए।



## नैचुरल स्टार नानी स्टारर द पैराडाइज के मेकर्स हैदराबाद में बनाएंगे स्लम्स का बाहुबली साम्राज्य, पढ़ें डिटेल्स

**जित मुम्बईः-** यह सेट करीब 30 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है, जिसकी वजह से कहना होगा कि यह वाकई बहुत बड़ा है। इतना ही नहीं, यह अपने आप में सबसे अनोखे सेट्स में से एक है, क्योंकि मेकर्स ने यहाँ अब तक का सबसे बड़ा स्लम्स का माहौल रिक्रिएट किया है।नेचुरल स्टार नानी की द पैराडाइज की दीवानगी तभी से बनी हुई है, जबसे इसका फर्स्ट लुक आउट हुआ है। इस फिल्म को टैलेंटेड श्रीकांत ओडेला डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में दसरा की जबरदस्त सफलता हासिल की है। फिल्म पहले से ही भारत की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बन चुकी है। ऐसे में, मेकर्स इस बार फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्लम सेट




बना रहे हैं। एक इनसाइडर सोर्स के मुताबिक, मेकर्स हैदराबाद में एक इतना बड़ा स्लम सेट बना रहे हैं, जितना बाहुबली फ्रेंचाइज के महिष्मति साम्राज्य का सेट था। लीड एक्टर का किरदार स्लम से निकलकर पावर तक पहुंचता है। उसके इस बड़े सफर को दिखाने के लिए इतना बड़ा सेट तैयार किया गया है। स्लम के बीचों-बीच एक बड़ा आर्च होगा, जिसे फिल्म के पिछले अनाउंसमेंट यूनिट और पोस्टर्स में देखा गया था। यही आर्च लीड कैरेक्टर के साम्राज्य का सेंटर होगा। इस सेट को बाहुबली फ्रेंचाइज के महिष्मति साम्राज्य जितना ग्रैंड डिजाइन किया जा रहा है। इस तरह से स्लम्स का बाहुबली बनाने का विजन। ये सच में इस प्रोजेक्ट की शानदारता को दिखाता है, क्योंकि मेकर्स का विजन ह्यस्लम्स का बाहुबलीह्न बनाने का है। जैसे हमने बाहुबली फ्रेंचाइज में महिष्मति का विशाल साम्राज्य देखने मिला था, वैसे ही इस बार भी सेट उतना ही ग्रैंड होगा लेकिन महलों की जगह इसमें अनगिनत स्लम्स दिखाई देंगे।

कहना गलत नहीं होगा कि द पैराडाइज श्रीकांत ओडेला की एक और शानदार फिल्म बनने जा रही है, जिसमें उनका खास अंदाज साफ दिखाई दे रहा है। उनकी छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने की कला ही उनके हर प्रोजेक्ट को अलग और चर्चा में बनाए रखती है। बता दें कि वह इससे पहले नन्नाकु प्रेमथो और रंगस्थलम में सुकुमार के असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम कर चुके है। उन्होंने अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू दसरा फिल्म से की थी, जो क्रिटिक्स द्वारा सराही गई और बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। आरएस100 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली और नानी के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। ऐसे में उन्होंने कुछ ही फिल्मों के साथ पहले ही खूब चर्चा बतौर ली है।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए पहुंचाई राहत सामग्री



**देश का दर्पण न्यूज डीडवाना राजस्थान**

**डीडवाना** उपखंड क्षेत्र के नजदीकी ग्राम सरदारपुरा से पंजाब में आई बाढ़ से ग्रस्त बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पहुंचाई गई है,इस राहत सामग्री में खाद्य सामग्री गद्दे तिरपाल सहित अन्य सामग्री भेजी है,वही बच्चों के लिए टॉफी बिस्किट कुरकुरे अन्य सामग्री भी पहुंचाई गई है,करीब दो पिकअप भरकर राहत सामग्री पंजाब के लिए भेजी गई है, जानकारी देते हुए इमरान खान उर्फ कालू ने बताया जिस तरह पंजाब के कई जिले बारिश से हुई बाढ़ की वजह से ग्रस्त हैं,जिनमें लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है,उनके लिए यहां से राहत सामग्री पहुंचाई गई है,सभी ग्रामीणों के सहयोग से यह राहत सामग्री पहुंचाई गई है,राहत सामग्री से भरी दो पिकअप यहां से रवाना की गई है, सभी ग्रामीणों के सहयोग से यह भेजी गई है,इस मौके पर गुलाब खा शेर मोहम्मद खा रज्जाक खा शब्बीर अली रहमान खा इमरान खा आदि सभी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेत्री रीता राम ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं बिहार भाजपा की महिला मोर्चा की क्षेत्रीय प्रभारी रीता राम ने पातेपुर सुरक्षित विधानसभा से पार्टी टिकट नहीं मिलने पर आत्मदाह कर लेने की घोषणा की है। महिला नेत्री ने प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व को अपने अडिग निश्चय से अवगत करा दिया है।श्रीमती राम ने इस बाबत शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।उन्होंने कहा कि बीते 31 वर्षों से वह और उनके पति भाजपा मे तन मन और धन से सेवा दी।पार्टी में 1997 से उनके पति पातेपुर में संगठन का काम कर रहे थे।उस समय 10 से 15 लोग ही भाजपा के कार्यकर्ता थे।उनके पति 2005 के फरवरी माह के विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे।लेकिन कामयाबी नहीं मिली।फिर 2005 के नवंबर के चुनाव में इनका टिकट काट दिया गया।इसके बावजूद पति पत्नी इस पार्टी में जुड़े रहे।इसके बाद कई चुनाव में पार्टी टिकट नहीं दी और अनदेखी करके बाहर के लोगों को टिकट दिया।पार्टी की सींचने के लिए अपनी चल और अचल संपत्ति लगा दिया।अब उनके अनुसार दो ही विकल्प बचा है।एक पार्टी टिकट पातेपुर से दें वह भारी मतों से जीत कर बताएंगी।अगर टिकट नहीं मिलती है तो वह पार्टीजनों के समक्ष आत्मदाह के अलावा अब दूसरा कोई विकल्प नहीं बचा है।

# सेवा बस्तियों की शिक्षिकाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी

**जयपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 34वें स्थापना दिवस पर अधिवक्ता परिषद राजस्थान जयपुर प्रांत की उच्च न्यायालय इकाई, जयपुर की ओर से रविवार को विद्यार्थी भवन में विधिक जागरूकता एवं कानूनी सहायता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में परिषद की ओर से पुण्यार्थम संस्था के सहयोग से शहर की 80 से अधिक सेवा बस्तियों में चल रहे निःशुल्क संस्कार केन्द्रों की करीब 100 शिक्षिकाओं को आमजन से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।




उच्च न्यायालय इकाई के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने शिक्षिकाओं को जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू हिंसा, बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों की सेवा, सड़क विक्रेताओं के संरक्षण और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानून समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए बनाए गए हैं जिनकी जानकारी आमजन तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण अधिनियम 2007, स्ट्रीट वेंडर्स अधिनियम 2014 और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 की मुख्य धाराओं को सरल भाषा में समझाया। अधिवक्ता परिषद के प्रांत महामंत्री अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

प्रांत महामंत्री अभिषेक सिंह ने बताया कि जयपुर की सभी सेवा बस्तियों में परिषद के द्वारा न्याय परामर्श केंद्र संचालित किए जाएंगे ताकि सामान्य नागरिकों को न्याय परामर्श आसानी से उपलब्ध हो सके।शिविर का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि अधिवक्ता परिषद समाज के कमजोर व वंचित वर्गों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने के अपने प्रयास लगातार जारी रखेगी।

## कर्मचारी महासंघ ने की अचल संपत्ति विवरण भरने का एक और अवसर दिए जाने की मांग

**अखिल** राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने मुख्यमंत्री से अधिकारियों कर्मचारियों के लिए अचल संपत्ति विवरण भरने का एक और मौका दिए जाने की मांग की है । कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने मांग की है कि अनेक बार ज्ञापन दिए जाने के बाद भी अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन भरने की दिनांक नहीं बढ़ाये पर जाने के कारण अभी भी कुल 7,71,745 राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी कर्मचारियों में से 1,23,377 राजपत्रित अधिकारियों और 6,48,368 अराजपत्रित कर्मचारियों के अचल संपत्ति विवरण नहीं भर पाने के कारण वे वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित हो गए हैं। अतः कर्मचारी हित में एक अवसर और दिया जाना चाहिए। लिखनी है की अचल संपत्ति विवरण भरने के अभाव में अधिकारियों कर्मचारियों की पदोन्नतियां भी रुकी हुई है।

## विधायक लखेंदर पासवान लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के मौदह चतुर,मौदह बुजुर्ग एवं सैदपुर डुमरा पंचायत में स्थानीय भाजपा विधायक लखेंदर पासवान लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई उपस्थित लोगों को दी गई लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों को भीड़ उमड़ पड़ी थी ।विधायक ने सरकार के द्वारा लोगों को दी जा रही 125 युनिट बिजली फ्री, समाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 , परिवार की एक महिला को दस हजार रुपए खाते में दिए जाने आदि के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी एवं उपस्थित लोगों से पुछा की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है कि नहीं। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ काम कर रही है। उन्होंने ने कहा कि उनके द्वारा साढ़े चार वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में विकास का जितना काम किया गया है उतना पीछले सत्तर वर्षों में नहीं हुआ,यही कारण है की विपक्षियों में घबराहट है।

## पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जलमग्न हुई फसलें

**बालोतरा, 07 सितंबर।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं पशुपालन, गोपालन डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी के साथ रविवार पचपदरा विधानसभा के मूल की ढाणी, चांदराई, कोरना गांवों का दौरा कर बाजरे, मूंग-मोठ की फसल का जायजा लिया। साथ ही गांवों के किसानों के खेतों में फील्ड का दौरा कर अतिवृष्टि के कारण हुए फसल



नुकसान को देखा। काश्तकारों की फसलों को जलमग्न देखकर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री कुमावत ने अतिवृष्टि से फसलों और पशुधन के नुकसान का आकलन किया और प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तात्कालिक राहत के साथ-साथ बारिश और अतिवृष्टि से होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा फसल खराबे से किसानों को हुए नुकसान को लेकर चिंतित हैं, जिसका जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभारी मंत्री फील्ड में हैं। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराबे की गिरादाबरी शीघ्र कराकर भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जिले में किसानों के हुए फसलों के नुकसान का आकलन कर उन्हें राहत प्रदान करने का काम किया जाएगा।

## चामुंडा माता मंदिर पार्क के अंदर इंटरलॉकिंग टाईल्स और रंग रोगन के कार्यों का पार्षद कुमकुम ने भूमि पूजन करके शुभारंभ किया



झोटवाड़ा विधानसभा नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 48 में मंदिर पार्कों के विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सिरसी रोड मीणावाला अमृत नगर, रूप विहार में चामुंडा माता मंदिर पार्क के अंदर इंटरलॉकिंग टाईल्स और रंग रोगन के कार्यों का आज पार्षद कुमकुम शक्तावत ने भूमि पूजन करके शुभारंभ किया इस मौके पर शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि वार्ड 48 के अंदर जितने भी मंदिर पार्क हैं उन सभी का विकास कार्य राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह जी राठौड़ द्वारा कराया जा रहा है इससे पहले इंजीनियर्स कॉलोनी, संस्कार विहार, महादेव नगर, मंगल नगर, और रघुनाथ विहार,जनक विहार, अमर नगर इन सभी कॉलोनियों के मंदिर पार्कों के अंदर इंटरलॉकिंग टाइल्स, टीनसेड, ओपन जिम, फिसल पट्टी झूले, शौचालय और बैठने के लिए बैंच,बाउंड्री वॉल रेलिंग रंग रोगन जिस मंदिर पार्क की जो जरूरत थी वो पूरी करी गई शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि मंदिर पार्कों के विकास कार्य सिर्फ. और सिर्फ. भारतीय जनता पार्टी की सरकार में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के राज मे और मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ के नेतृत्व में ही संभव है इस मौके पर हनुमान साहय मीणा, श्याम सुंदर शर्मा , हरिनारायण शर्मा ,भंवर सिंह ,सुभाष शर्मा ,संजय गॉड, शंकर सिंह, महेन्द्र शर्मा ,भागीरथ चौधरी, रामअवतार यादव, राजेश कुमावत , भगवान सिंह,परमानंद छापरवाल, विनोद मीणा, रविन्द्र कुमार, केशव सिंह , मनोज शर्मा , रेवंत सिंह, शिखा शर्मा ,संतोष कुमावत, रीना कवर ,कविता शर्मा , प्रेम कंवर, और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी और मातृ शक्ति उपस्थित रहे

## कोठार गांव मै चमत्कारी मगरी वाले बाबा रामदेवजी गांव मे खुशी का माहौल रोज भजन संध्या का आज होगा भव्य समापन

**रिपोर्ट डीके देवासी**

**कोठार** गांव में चमत्कारी मगरी वाले बाबा रामदेवजी मंदिर पर गांव की सेवा समिति द्वारा आयोजित 1महीने से रोज जागरण आज भव्य हो रहा आज शाम को भजन संध्या के साथ समापन होगा मंदिर के प्रागण मै निर्माण कार्य करने वाले भामाशाहों का माला साफा पहनाकर स्वागत ग्रामीण लोंग ऐसे ही भाग लेते रहे मंदिर मै भजन संध्या कार्यक्रम एक महीने से चल रहा है सेवा आज समिति द्वारा बीते एक महीने से सतत रूप से



दिन-रात भजन संध्या का आयोजन हो रहा कोठार मै मगरी वाले बाबा के भजन संध्या का आज सम्मापन बाबा रामदेव मंदिर दर्शन करने आते है श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कर आत्मिक तृप्ति प्राप्त की ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा कोठार गांव के समस्त नागरिकों का अहम योगदान रहा आयोजन स्थल मंदिर पर जहां युवा और बुजुर्ग भक्तों की सेवा के लिए तत्पर खड़े रहे, वहीं ग्राम के युवा श्रद्धालुओं को विनम्र निवेदन करते हुए भोजन प्रसाद ग्रहण करवाते दिखाई दिए आज पुरे रात को भजन संध्या के साथ होगा समापन आज शाम बाबा रामदेव मंदिर ग्राउंड में भव्य सत्संग का आयोजन होगा इस अवसर पर बाबा के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी और श्रद्धालुओं को भक्ति और उत्साह से सराबोर किया जाएगा

## स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक हो रहे प्रदेशवासी

**जयपुर, 7 सितम्बर। मुख्य**मंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता और चिकित्सा मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे नवाचार प्रदेश में सेहत की तस्वीर बदल रहे हैं। इन नवाचारों से न केवल आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से मिलने लगी हैं, बल्कि स्वास्थ्य के कई मानकों में राजस्थान राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अत्याधुनिक तकनीक और नवाचारपूर्ण योजनाओं से ग्रामीण से लेकर शहरी और रेगिस्तानी इलाकों से लेकर आदिवासी अंचलों तक न केवल बीमारियों का इलाज हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संवर्धन की ओर तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। रामाश्रय वार्ड, मिशन मधुहारी, मिशन लीवर स्माइल, स्तनपान प्रबंधन इकाइयां, हीमोडायलिसिस वार्ड, मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना, स्वस्थ नारी चेतना अभियान, निरामय राजस्थान अभियान, मिशन ओबीलॉस सहित कई ऐसे नवाचार सफलतापूर्वक लागू किए गए हैं, जिनसे प्रदेश में सेहत की तस्वीर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

निरामय राजस्थान अभियान राजस्थान सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जो प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती, और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में जागरूक करने की ओर सशक्त कदम है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से सुलभ बनाना, स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और चिकित्सा ढांचे को सुदृढ़ करना है।

# पानी में उतरकर केबिनेट मंत्री ने लिया फसल खराबे का जायजा

**पाली/सुमेरपुर, 07 सितंबर। पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद उपजे हालात का जायजा लेने के लिए स्थानीय विधायक व पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत लगातार तीसरे दिन भी दौरे पर रहे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ खेतों में भरे पानी के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। साथ ही गांवों में घरों व मवेशियों को हुए नुकसान के संबंध में ग्रामीणों से बैठक कर वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी लेकर जिला कलेक्टर से दूरभाष पर बात कर प्रभावितों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

मंत्री श्री कुमावत गांव दलाराम, रूपावास, भांवरी और गिरादड़ा क्षेत्र की फसलों का जायजा लेने के लिए गहरे पानी में स्वयं उतर गए। इसे देख अधिकारी भी पहुंचे और पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए सर्वे करने का भरोसा दिया।



मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को शत-प्रतिशत सर्वे कर जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों में पहले से रिपोर्ट तैयार की गई है, वहां फिर से सर्वे कर पुनः प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के आदेश दिए हैं।

केबिनेट मंत्री श्री कुमावत ने भांवरी में चौपाल पर किसानों से चर्चा की और आश्वासन दिया की अतिवृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाएगा। श्री कुमावत ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण सभी खेतों में जलभराव की स्थिति है, किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। इसकी शत-प्रतिशत गिरदावरी के लिए अधिकरियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण "पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध 'जवाई' लबालब हो चुका है। बांध के कुल 13 में से 9 गेट शनिवार को खोल दिए गए थे।

## प्रभारी मंत्री के निर्देश पर फसल बीमा योजना के हेल्पलाइन नंबर जारी

**बालोतरा, 07 सितंबर।** जिला प्रभारी मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने रविवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ अतिवृष्टि को लेकर की गई समीक्षा बैठक में कृषि अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये कि वे फसल बीमा योजना से संबंधित हेल्पलाइन नंबर जारी करें, ताकि काश्तकारों को राहत मिल सके।

इसी क्रम में कृषि विभाग के द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भरतेश कुमार 7983922602 के नंबर जारी किये। कृषि अधिकारी ओमप्रकाश तड़ ने बताया कि फसल बीमा क्लेम को लेकर काश्तकार टोल फ्री नंबर 14447 एवं व्हाटसअप नंबर 7065514447 पर जाकर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से अपनी पॉलिसी से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके साथ ही पंचायत समिति स्थित कृषि कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

## सीवान में सर्वे कार्य में फंसा पेंच: अधिकारियों की मनमानी से जनता परेशान.....

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सीवान, जिले में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण का काम एक बार फिर विवादों में घिर गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव के स्पष्ट निर्देश के बावजूद, सीवान जिले में पंचायत सचिव और प्रखंड विकास पदाधिकारी (इऊड) अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। इस मामले में अधिवक्ताओं ने भी अधिकारियों के रवैये पर सवाल उठाए हैं।

**प्रधान सचिव का निर्देश दरकिनार**

हाल ही में, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव ने समाचार पत्रों के माध्यम से यह स्पष्ट किया था कि सर्वे के काम के लिए स्वयं-घोषित हलफनामा या नोटरी द्वारा सत्यापित हलफनामा मान्य होगा। यह घोषणा लोगों को राहत देने के लिए की गई थी, ताकि उन्हें अनावश्यक भागदौड़ और खर्च से बचाया जा सके।

लेकिन, सीवान जिले के विभिन्न अंचलों में यह निर्देश लागू होता नहीं दिख रहा है। यहां के अधिकारी लोगों से कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा सत्यापित हलफनामा ही मांग रहे हैं। इस विरोधाभास के कारण, लोगों को अनुमंडल कार्यालयों में लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं अधिवक्ता?**

इस पूरे मामले पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने भी अपनी राय दी है। अधिवक्ता श्री प्रयाग कुमार ने बताया, "यह स्पष्ट है कि अधिकारियों द्वारा उच्चाधिकारियों के निदेर्शों का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रधान सचिव ने खुद सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की है कि स्वयं-घोषित हलफनामा या नोटरी वाला हलफनामा मान्य है, फिर भी अधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी से सत्यापित हलफनामे की मांग कर रहे हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "यह सिर्फ जनता को परेशान करने का एक तरीका है। इससे अनुमंडल कार्यालयों पर अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है और भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल रहा है। जब विभाग ने खुद एक सरल प्रक्रिया बताई है, तो उसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा? यह अधिकारियों की जवाबदेही पर एक बड़ा सवाल है।"

अवैध उगाही और जनता की परेशानी

लोगों का आरोप है कि इस मनमानी के पीछे अवैध उगाही का खेल चल रहा है। कार्यपालक दंडाधिकारी के हलफनामे के लिए लोगों को कई दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं और इसमें समय के साथ-साथ पैसा भी खर्च होता है। यह स्थिति सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी को उजागर करती है।

इस मामले पर जब स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई भी स्पष्ट जवाब देने से इनकार कर दिया। लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और प्रधान सचिव के निदेर्शों को सख्ती से लागू करवाए, ताकि सर्वे का काम सुचारू रूप से चल सके और जनता को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके।

## मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार ने सिवान जिला में 558 करोड़ 35 लाख रुपये लागत की 9 विकासात्मक योजनाओं का किया शिलान्यास एवं कायारंभ

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान जिला के नारायणपुर मोड़,** पचरूखी में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज आयोजित कार्यक्रम स्थल से 558 करोड़ 35 लाख रुपये लागत की 9 विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। वही पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद इसके अंतर्गत 222 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से 220/132/33 के०वी० ग्रिड, उपकेन्द्र मैरवा एवं सम्बद्ध लाईन 'बे' का निर्माण, 120 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से पचरुखी बाईपास मोहम्मदपुर मोड़ (एन० एच०-531) से छपिया-टेढ़ी घाट-गोपालपुर (एनएच-227) पथ का चौड़ीकरण, 92 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से राज्य उच्च पथ स० 89 (बबुनिया सिसवन रोड) पर सिवान यार्ड (सिवान रेलवे स्टेशन से पचरुखी रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-91 एस०पी०एल० पर रेल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री ने 67 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से सिवान आंदर पथ का चौड़ीकरण, 18 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से भण्टापोखर जीरादेई पथ का भाया जामापुर बाजार तक चौड़ीकरण, 10 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से सोनकारा, आन्दर में 33/11 के0०वी० विद्युत शक्ति उपकेंद्र का निर्माण, 9 करोड़ 93 लाख की लागत से माधोपुर, महाराजगंज में 33/11 के०वी० विद्युत शक्ति उपकेंद्र के निर्माण, 9 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से मशरख-महाराजगंज 132 के०वी० संचरण लाईन का द्वितीय सर्किट स्ट्रिंगिंग एवं सम्बद्ध लाईन 'बे' के निर्माण, 8 करोड़ 49 लाख की लागत से सिवान ग्रिड उपकेन्द्र में 80 एम०वी०ए० ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास/कायारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सिवान के नारायणपुर मोड़, पचरुखी स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है।

## प्रभारी मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने की अतिवृष्टि राहत कार्यों की समीक्षा

**जयपुर/बालोतरा 07 सितंबर। जिले के प्रभारी मंत्री एवं** पशुपालन, गोपालन डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने रविवार को कलेक्टेट सभागार में आयोजित बैठक में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के हालात और राहत कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में हुए अतिवृष्टि के कारण प्रभावित क्षेत्रों, गिरदावरी, चारे की उपलब्धता, चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता, पशु चिकित्सा सेवा उपलब्धता, पशु क्षति, पंच गौरव, आने वाली अभियान शहर चलो, गांव चलो, सहकार सदस्य अभियान की समीक्षा करते हुए जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।



**संवेदनशीलता के साथ कार्य के निर्देश**

प्रभारी मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए शासन व प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सही आंकलन कर काश्तकारों को राहत प्रदान करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुआवजा स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाये। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि लगातार हो रही बारिश से फसल खराबे का विशेष ध्यान रखें, पटवारी फील्ड में जाकर शत प्रतिशत गिरदावरी को पूर्ण करें। पूर्णतः जिम्मेदारी से कार्य करें।

**किसानों की गिरदावरी प्राथमिकता में**

किसानों की समस्याओं को समझते हुए श्री कुमावत ने फसल खराबे पर विशेष जोर दिया। उन्होंने राजस्व और कृषि विभाग को निर्देशित किया कि गिरदावरी का कार्य पारदर्शिता और तेजी से पूरा कर किसानों को मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्युत फाल्ट को ठीक करने व विद्युत कटौती से संबंधित जानकारी ली तथा समय पर विद्युत सप्लाई करने के निर्देश दिए वहीं पशुपालन विभाग के अधिकारी से जिले में हुए पशु जनहानि की जानकारी लेते हुए समय पर मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत अधिकाधिक लाभान्वित करवाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री कुमावत ने गाँव चलो अभियान, शहर चलो अभियान और सहकार सदस्यता अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन अभियानों से पूर्व अधूरे कार्यों की सूची बनाकर संबंधित विभागों द्वारा शिविरों के दौरान लंबित कार्यों का निस्तारण कर आमजन को शिविरों का अधिकाधिक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने नगर परिषद को निर्देश दिये कि शिविर आयोजन से पूर्व आवश्यक टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाये, ताकि आमजन को शिविर के दौरान ही राहत पहुंचाई जा सके।

## गहलोत ने जो कार्य 5 साल में नहीं किए, वो भजनलाल ने पौने दो साल के कार्यकाल में कर दिए: अशोक

**जयपुर, 07 सितंबर 2025।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गहलोत जी बताए कि उनके सलाहकार कौन थे, जिन्होंने उन्हें अपने ही युवा नेताओं को नाकारा-निकम्मा बोलने की सलाह दी थी। गहलोत ने पिछले पांच साल सिर्फ कुर्सी की लड़ाई में आपसी झगड़ों में निकाल दिए। मैं गहलोत से पूछना चाहता हूं कि वे युवाओं के विरोध में क्यों है ? गहलोत जी राजनीति मजे के लिए नहीं बल्कि जनसेवा के लिए होती है और यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बखूबी साबित कर रहे हैं। अब ऐसा लगता है कि अशोक गहलोत युवा और किसान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन और विकास कार्यों को पचा नहीं पा रहे हैं। परनामी ने कहा कि गहलोत जी यह नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत है। भाजपा सरकार संगठन के साथ एकमुखी होकर जनता को विकास की योजनाएं दे रही है। गहलोत अपने तीन बार के मुख्यमंत्री कार्यकाल में जो कार्य नहीं करा सके, वे सभी काम जन-जन के लाडले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने 20 माह के ही कार्यकाल में कर दिखाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जो कहते है उसे पूरा करते हैं। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में संकल्प पत्र में किए गए वादों में से 50 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा कर दिखाया है। भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को ईआरसीपी, यमुना जल समझौते की सौगात दी। बिजली में प्रदेश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। युवाओं को 75 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गहलोत झूठे वादे करके ही हमेशा सत्ता में आए। उनके पिछले कार्यकाल में पेपरलीक की घटनाओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्रदेश की जनता को उनका जंगल राज याद है, जब प्रदेश महिला अपराध में नम्बर वन, महंगी बिजली में नम्बर वन था। उन्होंने कर्जमाफी का झूठा वादा कर किसानों को लूटा, पेट्रोल-डीजल से जनता की जेब पर डाका डाला। गहलोत के कार्यकाल में प्रदेश भ्रष्टाचार में नम्बर वन था। उन्होंने कहा कि गहलोत जी को नकारात्मक राजनीति छोड़कर सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अच्छे कार्यों की प्रशंसा करनी चाहिए और अपने सुझाव भी देने चाहिए।

## पुलिस अफसरों ने निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए

**लखनऊ।** अपर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी. द्वारा (पीएटी) परीक्षा के दृष्टिगत तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा अभ्यर्थियों से संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेलवे लखनऊ सुधा सिंह, पुलिस अधीक्षक, रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा, क्षेत्राधिकारी, रेलवे (द्वितीय) हृषिकेश यादव, स्टेशन अधीक्षक अरविंद बघेल सहित रेलवे, आरपीएफ एवं जीआरपी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों हेतु हेल्प डेस्क, होल्डिंग एरिया, पेयजल व चिकित्सा जैसी सुविधाओं का अवलोकन किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## मृतक स्वामी नाथ पटेल के परिजनों को जिलाध्यक्ष बनाया गंगापार ने ढांढस बंधाया

**मऊआइमा।** विधानसभा सोरांव के मऊआइमा ग्राम सभा मानीउमर (रमना) निवासी स्वामी नाथ पटेल की शुक्रवार को नहर में डूबने से मौत हो गई जिसकी जानकारी मिलने पर शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने उनके आवास पर पहुँचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर मृतक स्वामी नाथ पटेल की पत्नी ने आर्थिक सहायता दिलाने के लिए जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसपर जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया और कहा कि मैं

ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला, शिवबाबू मोदनवाल, महेश माली, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सिवान जिला के पचरुखी प्रखंड के पपौर ग्राम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यकर्ताओं को किया संबोधित ....

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान जिला के पचरुखी** प्रखंड के पपौर ग्राम में डी०वी०एम० ग्लोबल स्कूल के परिसर में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे प्रगति यात्रा की योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं शिलान्यास के लिए सिवान जिला के बड़हरिया में आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूँ। आप सब जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले बहुत बुरा हाल था। कांग्रेस और राजद की सरकार ने कोई काम नहीं किया। कुछ दिनों के लिए हम उनके साथ थे लेकिन जब वे गड़बड़ करने लगे तो हम उनसे अलग हो गए। भाजपा और जदयू का पुराना संबंध है। हमलोग साथ मिलकर राज्य और देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमलोग हमेशा साथ रहेंगे। जब 24 नवंबर, 2005 को एन०डी०ए० की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं। राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया था। अभी तक युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी / रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2005-06 में नयी सरकार बनने के समय राज्य का बजट मात्र 28 हजार करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2006-07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया और यह लगातार बढ़ते-बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ नये निर्णय लिये गये हैं। इसके तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुँचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही बहुत सस्ती दर पर बिजली दी जाती थी। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त दी जा रही है।

सरकार की तरफ से सभी इच्छुक लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में महिलाओं के रोजगार के लिए एक नयी योजना 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की स्वीकृति दी गयी है जिसके तहत हर घर की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये की राशि दी जायेगी। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी।

## विधायक टोंग ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 4 लाख रुपये का चेक सौंपा



## भारी बारिश के कारण घर की छत गिरने से एक बच्ची की मौत

**अमृतसर, 07 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**

भारी बारिश के दौरान बाबा बकाला विधानसभा क्षेत्र के सठियाला गाँव में राजविंदर सिंह के घर की छत गिरने से एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और उसके परिवार के बाकी सदस्य घायल हो गए। परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए, बाबा बकाला के विधायक सरदार दलबीर सिंह टोग ने परिवार को 4 लाख रुपये का चेक सौंपा और कहा कि इससे परिवार के नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन यह राशि पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान द्वारा प्रभावित परिवार की मदद के लिए जारी की गई है। इस अवसर पर एसडीएम बाबा बकाला सरदार अमनदीप सिंह भी उपस्थित थे।

श्री टोग ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान बाढ़ से हुए नुकसान की पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं और हमारी सरकार इन प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रही है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि जल्द ही सभी हालात सुधर जाएँ। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। ??उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने बाढ़ प्रभावित लोगों को बचाने और उन तक राशन पहुँचाने के लिए सरकारी हेलीकॉप्टर को जनसेवा में लगा दिया है। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति हमारे लिए कीमती है और हम इस मुश्किल घड़ी में लोगों के साथ खड़े हैं।

विधायक तोग ने लोगों से बारिश को देखते हुए सतर्क रहने और निचले इलाकों में बिल्कुल न जाने की अपील की। ??उन्होंने कहा कि यह एक प्राकृतिक आपदा है लेकिन हमारी सरकार इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए हर संभव प्रबंध कर रही है और बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान की जा रही है।

## बठिंडा-दिल्ली-बठिंडा रोजाना फ्लाइट दोबारा शुरू की जाए: हरसिमरत कौर बादल

**बठिंडा, 07 सितंबरः ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से आग्रह किया है कि बठिंडा-दिल्ली-बठिंडा रोजाना फ्लाइट को तुरंत बहाल किया जाए, ताकि शहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिल सके। एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में शामिल होते हुए हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि बठिंडा में कई अहम केंद्रीय संस्थान, मिलिट्री स्टेशन और थर्मल प्लांट स्थित हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में व्यापारी और आम लोग राष्ट्रीय राजधानी तक आसान और आरामदायक पहुंच चाहते हैं, जिसके लिए फ्लाइट सेवा का दोबारा शुरू होना जरूरी है। सांसद ने यह भी मांग की कि बठिंडा से इंडिगो की उड़ान को फिर से शुरू करने के साथ-साथ बठिंडा-जम्मू फ्लाइट भी शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि बठिंडा एयरपोर्ट को जाने वाली सड़क को चौड़ा किया जाए और शहर से एयरपोर्ट तक स्थानीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए। हरसिमरत कौर बादल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फ्लाइट ऑपरेशन के दौरान एंबुलेंस और मेडिकल सेवाएं भी उपलब्ध कराने की मांग रखी।

## जिला प्रभारी मंत्री श्री कुमावत ने किया रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन




**बालोतरा, 7 सितंबर।** जिले के प्रभारी मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने रविवार को अखिल भारतीय तेरापंथी युवक परिषद के सौजन्य से आयोजित होने वाले महा रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। यह रक्तदान शिविर 17 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

**रक्तदान महादान है- मंत्री श्री कुमावत**

पोस्टर विमोचन के अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने रक्तदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा रक्तदान महादान है। उन्होंने बताया कि हमारा दिया गया रक्त कई जिंदगियों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और 17 सितंबर को आयोजित होने वाले महा रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें।

## 10 सितम्बर से होगा खाद्यान्न वितरण

**हरदोई।** जिला पूर्ती अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त, सितम्बर, 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण माह सितम्बर, 2025 में 10 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 के मध्य वितरण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधाराकों के मध्य प्रति कार्ड 14 कि०ग्रा० गेहूँ व 21 कि०ग्रा० फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 कि०ग्रा० खाद्यान्न) का वितरण कराया जायेगा। अन्त्योदय राशनकार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त, सितम्बर, 2025 के सापेक्ष 03 कि०ग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0-18/- प्रति कि०ग्रा० की दर से रु0-54/- में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रति यूनिट 02 कि०ग्रा० गेहूँ व 03 कि०ग्रा० फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 कि०ग्रा०) का वितरण कराया जायेगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुबिधा उपलब्ध रहेगी, खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण का कार्य प्रातः 08.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर 2025 होगी

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे छः अभियुक्तो को क्रिया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद व्द्धर ने बताया की अति० पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री आलोक सिंघल प्द्धर एवं सहायक पुलिस आयुक्त चौमू जयपुर पश्चिम ऊषा यादव व्द्धर के निकट सुपरविजन में श्री उदयभान पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम के नेतृत्व में दिनांक 08/09/2025 को पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर अभियुक्तो के कब्जे से कुल जुआ राशी 50090/- रुपए जब्त कर छोटे संगठित अपराध अन्तर्गत धारा 112 बीएनएस 2023 व 13 आरपीजीओ के तहत प्रकरण दर्ज करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 06/09/2025 को पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद व्द्धर के निर्देशानुसार अति० पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री आलोक सिंघल प्द्धर एवं सहायक पुलिस आयुक्त चौमू जयपुर पश्चिम ऊषा यादव व्द्धर के निकट सुपरविजन में श्री उदयभान पु०नि०



थानाधिकारी पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम के नेतृत्व इलाका गश्त, निगरानी बदमाशान संधिग्दो को चैक पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये गये अभियान साईबर फार्ड, ऑन लाईन गैमलिंग आदि की रोक थाम हेतु रवानाशुदा स्पेशल टीम ने आसुचना पर इलाका थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम न्यू ट्रांसपोर्ट नगर हरमाडा जयपुर में सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्तो से जुआ खेलते कुल 6 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर अभियुक्तो के कब्जे से कुल जुआ राशी 50090 रुपये नगद व जुआ उपकरण ताश पत्ते जब्त किये गये, इस प्रकार अभियुक्तो का सार्वजनिक स्थानो पर जुआ खेलते हुए देख अन्य आस पास के लोगो में भी लालच आ जाता है और अन्य लोग भी उक्त कृत्य की और अग्रसर हो सकते है अतः उक्त छोटे छोटे संगठित अपराधो की रोक थाम हेतु पुलिस थाना हरमाडा जयपुर पश्चिम पर उक्त सम्पुर्ण कार्यवाही पर नये कानून में छोटे संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस 2023 व 13 आरपीजीओ के तहत किया प्रकरण दर्ज। गिरफतारशुदा अभियुक्त जुआ खेलने के अभ्यस्त है, जिनके खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है।

## पुलिस थाना मोती डूंगरी जयपुर पूर्व ने आदतन शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



मुल्जिम बेहद शातिर किस्म का है व स्मैक पीने का आदि है जो भीड भाड वाले इलाको में खडी मोटर साईकिल का ताला तोडकर वाहन चोरी करने के बाद ऑने-पौने दामो में बेच देता है।
हाल के दिनो मे बढती वाहन चोरियो की रोकथाम के मध्यनजर पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व श्री संजीव नैन आईपीएस के निर्देशनुसार मुल्जिम की शीघ्र गिरफ्तारी व माल की बरामदगी बाबत श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जयपुर पूर्व श्री आशाराम चौधरी आरपीएस के सुपरविजन में एवं श्री नारायण कुमार बाजिया आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त गांधी नगर जयपुर पूर्व के निर्देशन में श्री अजय कांत रतुडी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना मोती डूंगरी जयपुर पूर्व के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठिल टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सीएसटी टीम की सूचना पर चोरी का खुलासा करने व चुराये गये वाहन की बरामदगी करने व मुल्जिम की गिरफ्तारी में सफलता हासिल की है। गठित टीम द्वारा अथक प्रयास व घटना स्थल के आप-पास के सीसीटीवी फूटेल चैक कर व मुखयौर तंत्र व सीएसटी टीम की सूचना पर मुल्जिम को गिरफ्तार करने व चोरी की मोटरसाईकिल की बरामदगी करने सफलता हासिल की गई। गिरफतार शुदा मुल्जिम के द्वारा की गयी अन्य वारदातो एंव जुर्म शरीक साथियो बाबत गहन पूछताछ जारी है। परिवादी श्री प्रभात सिंह 5/0 श्री बाबू सिंह जे. उम्र 28 साल जाति राजपूत निवासी 41/2 श्रीगणेश निलय बिन्नी मील रोड नियर संतोषी मां मंदिर पुलिस थाना कोटनपिट जिला बैंगलुरु कर्नाटक हाल किराएदार F-604 मंगम आधार वेस्ट थाना वैशाली नगर जयपुर ने थाना हाजा पर रिपोर्ट पेश की कि मेरी मोटर साइ?किल अपाची रंग सफेद जिसके रजि.न. R3395J5314, इंजन नं.- AE8LX12X03748 चेसिस नं.- MD634BE87N2L03826 थे जिसे दिनांक 27/8/2025 को अज्ञात चोर गणेश जी की झांकी के दौरान अभिषेक हॉस्पिटल के सामने मोती डूंगरी जयपुर से समय 08.30 PM से चुराकर ले गया, जिस पर थाना हाजा पर मुकदमा न. 104/2025 धारा 303 (2) बी.एन.एस. में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

## मारपीट कर रुपए लूटने के मामले में 02 आरोपी किए गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा बुडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 20.08.2025 को परिवादी श्री राकेश कुमार कुमावत बाग की ढाणी कि रेनवाल थाना रेनवाल जिला जयपुर ने पुलिस थाना रेनवाल पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की दिनांक 18.08.2025 की शाम को समय करीब 08.00 पी. एम. के लगभग जब वह सांभर जयपुर से अपनी ड्युटी से फ्री होकर ट्रेन से रेलवे स्टेशन किशनगढ़ रेनवाल पर उतरकर पटरियों के सहारे सहारे पगडण्डी से अपने घर जा रहा था तो रेलवे फाटक चौमू रोड़ रेनवाल से थोड़ा आगे अंधेरे में पटरियों के पास बैठे बदमाशो ने उसको पीछे से पकडकर मारपीट की जिससे उसकी आँख में चोट आई तथा उसके बैग में रखे 17350 रुपए नगद लूट लिये तथा 3670 रुपए ऑनलाईन लूट लिये। आदि रिपोर्ट पर अभियोग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में लूट की वारदात करने वाले तीन आरोपियों कमल उज्जैनिया, मुकेश कुमार व घासीराम को पुर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था तथा अन्य फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने व माल बरामदगी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जोबनेर श्रीमती प्रियंका वैष्णव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी रेनवाल श्री देवेन्द्र चावला उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए प्रकरण में अन्य फरार आरोपियों मुकेश वर्मा व गजानन्द भार्गव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बागपत।** बागपत जिले की बिनोली पुलिस पर हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग की है। पुलिस चेकिंग के दौरान हुई इस घटना के बाद पुलिस की जवाबी कारवाई में एक बदमाश को गोली लगी है जबकि दो बदमाश भाग निकले। पुलिस दोनों बदमाशो की तलाश कर रही है।
घटना शनिवार देर रात की है। थाना बिनौली पुलिस माखर पुलिया पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे पुलिस ने रोका तो उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कारवाई की है। जवाबी कारवाई में राजा उर्फ सलमान पुत्र युसुफ निवासी नई बस्ती ग्राम व थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस और एक बाइक एचएफ डीलक्स बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई है। उसके दो साथी रात के अंधेरे में भाग निकले। फरार दोनों बदमाशों की कॉम्बिग कर तलाश की जा रही है।
बिनोली थाना प्रभारी राकेश शर्मा का कहना है कि घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़ा गया बदमाश राजा उर्फ सलमान थाना सिंघावली अहीर का हिस्ट्रीशीटर है।

# व्यापारी के घर घुसकर लूट करने वाले तीन लुटेरे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक पुलिस की गोली से घायल

गाजियाबाद। कविनगर पुलिस ने शनिवार की रात में मुखर्जी पार्क चौराहे के पास विवेकानन्द फ्लाई ओवर की तरफ चौकी औद्योगिक क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से एक लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
एसीपी भास्कर वर्मा के मुताबिक इन लुटेरों ने 25 अगस्त को व्यापारी अचल सिंघल के राजनगर स्थित घर मे घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उनके कब्जे से एक तंमचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस, चैन के 2 टूकड़े पीली धातु व घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साईकिल बरामद हुई है।
तभी से पुलिस लुटेरों की तलाश



कर रही थी।
वर्मा ने बताया कि विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान इलैक्ट्रोनिक साक्ष्यो ( सीडीआर /सीसीटीवी फुटेज ) व मैनुअल इन्टैलीजेन्स व मैनुअल मुखबिर के आधार पर चेकिंग के दौरान दिनेश निवासी ग्राम सातलपुर थाना आदमपुर जिला अमरोहा ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की और दिनेश घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने जोगेन्द्र उर्फ जौली पुत्र भगवत सिंह निवासी देहला नगला थाना डिडौली अमरोहा व अरुण कुमार निवासी ग्राम मंजीतपुरा थाना डिडोली जिला अमरोहा को भी गिरफ्तार कर लिया।
पूछने में आरोपियों ने बताया कि 25 अगस्त को हम आपराधिक घटना कारित करने जा रहे थे, किन्तु पुलिस की सतर्कता के कारण उक्त घटना को कारित नहीं कर पाये थे । हम लोग आस पास के क्षेत्रों में स्नैचिंग की घटना को अंजाम देते हैं । आज पुनः रैकी कर आपराधिक घटना को कारित करने के लिए आये थे ।

## पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे म्यूल एकाउन्ट एवं पीओएस सीम अभियान को जारी रखते हुए जयपुर पश्चिम पुलिस की कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**
पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे म्यूल अकाउन्ट एवं पीओएस सीम अभियान के दौरान श्रीमान पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) श्री हनुमान प्रसाद आई.पी.एस. के निर्देशन में व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आयुक्तालय जयपुर (पश्चिम) श्री आलोक सिंघल आरपीएस के सुपरविजन में चौमू एसीपी सुश्री उषा यादव आईपीएस व साईबर सैल प्रभारी श्री हरिराम जाखड़ आरपीएस व साईबर सैल टीम, तकनीकी शाखा जयपुर पश्चिम के अथक प्रयासों से आयुक्तालय जयपुर के जिला जयपुर पश्चिम में साईबर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चौमू थाने में मुकदमा दर्ज कर 1 आरोपी को गिरफतार किया गया। पुलिस थाना चौमू क्षेत्र मे कमीशन पर खाते बेचने की शिकायते बार बार मिल रही थी उक्त शिकायतो मे एक अकाउन्ट मिला जिस पर पूरे भारत में शिकायते हो रखी थी उक्त खाताधारक को जब गिरफतार किया गया तो उसने बताया की मेने यह खाता 5000 रूप्ये मे मेरे दोस्त को किराये पर दिया था। उक्त खाते के संबंध में 5,50,000 रूप्ये फाड के आये थे। कार्यवाही के दौरान उक्त खाते के बारे में मुल्जिम आयुष मीणा से पुछा तो बताया कि मेरे को मेरे दोस्त चंडीगढ़ और पांच हजार रूप्ये देने का वादा किया और कहा गया की मे एक गेम खेलता हूं जिसका पैसा आना है
जबकि उक्त अकाउन्ट मे साईबर फोड का पैसा डलवा लिया उक्त प्रकरण मे कुल 01 मुल्जिम बाद पुछताछ धारा 318 (4), 316 (2) 61 (2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया व प्रकरण में अग्रीम अनुसंधान जारी है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव आगरा पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम में पुराने सहपाठियों से मिले

**आगरा।** सपा मुखिया अखिलेश यादव शनिवार को रात करीब 8 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से सीधे होटल मुगल शेरटन पहुंचे और धौलपुर मिलिट्री स्कूल के पुराने सहपाठियों के साथ रियूनियन कार्यक्रम 'जोर्जीयन' में शिरकत की।
रविवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से आगरा ताजगंज स्थित आईटीसी मुगल शेरेटन पहुंचे। यहां पर धौलपुर मिलिट्री स्कूल के अपने साथ पढ़े, कुछ सीनियर कुछ जूनियर छात्रों के साथ मंच साझा कर करीब ढाई घंटे उनके साथ बिताये। 115 पुराने छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। रात करीब 10:30 बजे सड़क मार्ग से ही इटावा के लिए प्रस्थान कर गए।
अखिलेश होटल में अपने पुराने साथियों के साथ गपशप करते नजर आए। मंच पर उनके साथ कुर्सियों



पर उनके पुराने साथी भी बैठे थे। लंच हाल में एक साथ खाना खाने के बाद अखिलेश इटावा के लिए प्रस्थान कर गए। होटल के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अखिलेश से मिलने के लिए मौजूद रहे। सपा के महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार ने बताया की होटल मुगल शेरेटन से पार्टी कार्यालय नजदीक होने के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष की सपा कार्यालय पहुंचने की संभावना थी परन्तु समय अधिक और रात होने के कारण वह सीधे चले गए, हालांकि हम लोगों की होटल के बाहर उनसे मुलाकात हो गयी ।

## पुलिस अफसरों ने निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए

**लखनऊ।** अपर पुलिस महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी. द्वारा (पीएटी) परीक्षा के दृष्टिगत तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा अभ्यर्थियों से संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।
इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेलवे लखनऊ सुधा सिंह, पुलिस अधीक्षक, रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा, क्षेत्राधिकारी, रेलवे (द्वितीय) हृषिकेश यादव, स्टेशन अधीक्षक अरविंद बघेल सहित रेलवे, आरपीएफ एवं जीआरपी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों हेतु हेल्प डेस्क, होल्डिंग एरिया, पेयजल व चिकित्सा जैसी सुविधाओं का अवलोकन किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बलात्कार व पोक्सो एक्ट के दर्ज प्रकरण में 01 माह से फरार चल रहे अभियुक्त गोविन्दराम उर्फ गोविन्दा को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**




श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 11.08.2025 को परिवादिया ने पुलिस थाना सामोद पर रिपोर्ट दर्ज करवायी की, प्रार्थिया की नाबालिक पुत्री के साथ आरोपी गोविन्दराम उर्फ गोविन्दा ने दुष्कर्म किया है। आदि रिपोर्ट पर अभियोग पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण महिला अपराध व नाबालिग बालिका से संबंधित होने से प्रकरण में आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व पुलिस उप अधीक्षक वृत्त गोविन्दगढ़ श्री राजेश जांगिड के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी सामोद श्रीमती नरेश कंवर उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था जिसकी पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा तलाश कर कड़ी मेहनत करते हुए आरोपी गोविन्दराम उर्फ गोविन्दा को दिनांक 05.09.2025 को डिटेन कर बाद पूछताछ प्रकरण में वांछित होने पर गिरफ्तार कर दिनांक 06.09.2025 को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति अक्षय जैन गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
राजर्षि राज आई.पी.एस पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ने बताया कि दिनांक 21.07.2025 को परिवादी श्री योगेश चन्द जैन पुत्र स्व. श्री ताराचन्द जी जैन निवासी बल्ली का दरवाजा हजारी का मौहल्ला, अलवर ने कार्यालय हाजा में उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरी पुत्री स्वप्निल जैन का विवाह दिनांक 11.07.2013 को अक्षय जैन पुत्र श्री लालचन्द जैन के साथ हुआ तथा विवाह उपरान्त मेरी पुत्री ने एक पुत्र ओजस जैन को दिनांक 08.07.2016 को जन्म दिया था। अक्षय जैन, उसके पिता लालचन्द जैन, माता सुनीता जैन, भाई आशिक जैन द्वारा विवाह के पश्चात से ही मेरी पुत्री स्वप्निल जैन को दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित किया जाता तथा अक्षय जैन एक शराबी प्रवृति व सूखे नशे करने का आदि होने से नशा करने के उपरान्त मेरी पुत्री के साथ गंभीर रूप से मारपीट करता। जिसके कारण मेरी पुत्री स्वयं को बचाने एवं भयभीत होकर अपने पुत्र ओजस के साथ मेरे अलवर स्थित घर पर आ जाती तथा इस पर मेरे द्वारा अक्षय जैन, लालचन्द जैन, सुनीता जैन एवं आशिक जैन से बातचीत किये जाने तथा उन्हे समझाने का प्रयास किये जाने पर भी वह नही समझते. इस पर मेरी पुत्री को अपने व अपने पुत्र के भविष्य को देखते हुए मजबूरन वापस अक्षय जैन के पास जाना पड़ता। दहेज के लिए कई मर्तबा अक्षय जैन. लालचन्द जैन, सुनीता जैन एवं आशिक जैन ने मेरी पुत्री के साथ मारपीट की तथा उसे जान से मारने का भी प्रयास किया जाता रहा। स्वप्निल ने अपने साथ मारपीट होने व प्रताडित किये जाने पर उसकी शिकायत पुलिस थाना भांकरोटा, जयपुर ने की, जहा पर समझाईश कर वापस भेज दिया। इसके बाद भी बार-बार मारपीट करने व जान से मारने का प्रयास करना पर मेरी पुत्री ने मजबूरन एक एफ.आई.आर. संख्या 20/2024 पुलिस थाना महिला, अलवर में दिनांक 01.02.2024 को अक्षय जैन, लालचन्द जैन, सुनीता जैन एवं आशिक जैन के विरुद्ध दर्ज करवायी। जिसमे पुलिस द्वारा जांच कर चालान भी प्रस्तुत कर दिया गया,



जिसमे अक्षय जैन ने जमानत प्राप्त कर ली। गत कुछ समय से स्वप्निल अक्षय तथा अपने पुत्र ओजस के साथ एस- 1.हामोर्नी होम्स, कस्तूरबा नगर, श्याम नगर, जयपुर पर किराये पर रह रही थी। श्रीमानजी दिनांक 20.07.2025 को मेरे पुत्री स्वप्निल ने अक्षय जैन की प्रताडनाओं से प्रताडित होकर आत्महत्या कर ली। अतः आप उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें। आदि पर पुलिस थाना श्यामनगर जयपुर दक्षिण में प्रकरण संख्या 415/2025 धारा 108, 61(2) बीएनएस दिनांक 21/07/2025 दर्ज किया गया।
प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए व आरोपी की शिघ्र गिरफ्तारी हेतू श्री ललित किशोर शर्मा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के मार्गदर्शन में श्री योगेश चौधरी सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला के निकट सुपरविजन में श्री दलबीरसिंह पु.नि थानाधिकारी पुलिस थाना श्यामनगर के निर्देशन में थी प्रेमचंद सउनि, श्री शहजाद अलि हैडकानि नं. 1941, श्री सौरभ कानि नं. 8833, श्री पवन कुमार कानि नं. 10594, श्री अजयपाल कानि नं. 8904 को सम्मिलित कर टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा घटना स्थल का तकनीकी रूप से विश्लेषण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाये गये। आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जाकर सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जाकर परम्परागत पुलिसिंग से आरोपी अक्षय जैन को दस्तयाब किया जाकर प्रकरण हाजा में अनुसंधान जारी है।

## औरैया : गौतस्करी में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**औरैया।** जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार सुबह पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। एसओजी टीम और बिधूना थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम शामपुर तिराहा मोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान गौतस्करी के मामले में वांछित आरोपी रघुवीर बंजारा को गिरफ्तार कर लिया गया।
दरअसल, शनिवार देर रात थाना बिधूना क्षेत्र के ग्राम शामपुर रोड पर अवैध गौवंश से भरा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया था। इस हादसे में कंटेनर में भरे कुल 19 गौवंशों में से 12 की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, 7 गौवंश जीवित बचे, जिनमें से 4 मौके से फरार हो गए जबकि 3 को पुलिस ने सुरक्षित पकड़कर निकटवर्ती गौशाला में भिजवा दिया। घटना के बाद से ही पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।
पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने बताया कि इस मामले में वांछित आरोपी रघुवीर बंजारा पुत्र सोराम बंजारा, निवासी किशनेवातो की खेड़ी, पटेल नगर, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) को चेकिंग के दौरान ग्राम शामपुर तिराहा के पास देखा गया। रोकने का प्रयास करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया, जिसे तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना भेजा गया।
एसपी ने बताया कि आरोपी पर थाना बिधूना में गौतस्करी से संबंधित अभियोग पंजीकृत है और वह घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य सहयोगियों और गौतस्करी के नेटवर्क से जुड़े तथ्यों का पता लगाने का प्रयास करेगी।

# 10 सितम्बर से होगा खाद्यान्न वितरण

**हरदोई।** जिला पूर्ती अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त, सितम्बर, 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण माह सितम्बर, 2025 में 10 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 के मध्य वितरण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधाराकों के मध्य प्रति कार्ड 14 कि०ग्रा० गेहूँ व 21 कि०ग्रा० फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 कि०ग्रा० खाद्यान्न) का वितरण कराया जायेगा। अन्त्योदय राशनकार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त, सितम्बर, 2025 के सापेक्ष 03 कि०ग्रा० चीनी प्रति कार्ड रु0-18/- प्रति कि०ग्रा० की दर से रु0-54/- में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रति यूनिट 02 कि०ग्रा० गेहूँ व 03 कि०ग्रा० फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 कि०ग्रा०) का वितरण कराया जायेगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुबिधा उपलब्ध रहेगी, खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण का कार्य प्रातः 08.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर 2025 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा।
वितरण के दौरान समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक यह सुनिश्चित करें कि समस्त विक्रेता अन्त्योदय कार्डधारकों को समस्त सदस्यों सहित आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक रूप से प्रेरित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि उक्त कार्य में स्वास्थ्य विभाग व पंचायत विभाग के कर्मियों का सहयोग करें।

# माइग्रेन में क्या खाएं और किन चीजों से करें परहेज, एक्सपर्ट से जानें



**माइग्रेन की समस्या आजकल बहुत आम होती जा रही है. इस दौरान सिर में बहुत तेज दर्द होता है. इसके साथ ही उल्टी महसूस होना और धुंधला दिखने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं. इसे कंट्रोल करने के लिए डाइट पर ध्यान देना और कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है. आइए जानते हैं एक्सपर्ट से माइग्रेन में आपको क्या खाना चाहिए और क्या नहीं**

आज के समय में लाइफस्टाइल से जुड़ी कई समस्या बहुत आम होती जा रही हैं. इसमें माइग्रेन भी शामिल है. आपने भी बहुत लोगों को कहते हुए सुना होगा की उन्हें माइग्रेन की समस्या है. जिसमें उनके सिर में दर्द रहता है. इसके अलावा उल्टी आना महसूस होती है, इसके अलावा रोशनी और आवाज की परेशानी होने लगती है. कई बार यह समस्या बहुत ज्यादा बढ़ जाती है कि दर्द को कम करने के लिए दवा या इंजेक्शन का उपयोग किया जाता है. इसलिए इसे बचाव करने के लिए एक्सपर्ट द्वारा कई बातों को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है.

इस समस्या के दौरान सही लाइफस्टाइल और डाइट का ख्याल रखना बहुत जरूरी है. क्योंकि कुछ फूड्स माइग्रेन के दर्द को ट्रिगर करने का काम करते हैं. इसलिए अगर आपके घर में या आपको माइग्रेन की समस्या है तो जानें एक्सपर्ट से कि आपको अपनी डाइट में क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए.क्या कहती हैं एक्सपर्ट?

दिल्ली के श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट प्रिंसिपल कंसल्टेंट, न्यूरोलॉजी डॉक्टर संध्या कोचे ने बताया कि माइग्रेन की समस्या में सिरदर्द होता है, जो अक्सर सिर के एक तरफ महसूस होता है और बहुत तेज होता है. इसके साथ मरीज को मतली, उल्टी और तेज रोशनी या आवाज से परेशानी होती है. इसके कारण व्यक्ति की रोजमर्रा की गतिविधियों पर असर पड़ता है क्योंकि दर्द इतना तेज होता है कि इसके कारण काम करना और किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है. यह दर्द कुछ घंटे से लेकर कई दिनों तक भी रह सकता है. इसमें दूसरे लक्षणों में आंखों के सामने चमकती रोशनी या धुंधले दृश्य, और कभी-कभी हाथ-पैर में सुन्नपन या कमजोरी भी शामिल हो सकता है. आमतौर पर यह स्ट्रेस, नींद न पूरी होना, गलत खानपान या हार्मोनल बदलाव के कारण होता है. इससे बचाव के लिए जीवनशैली में सुधार, बैलेंस डाइट, नींद पूरी करना और स्ट्रेस को मैनेज करना बहुत जरूरी है.

माइग्रेन में कौन से फूड्स खाने चाहिए और कौन से नहीं?

माइग्रेन के दौरान अपनी डाइट का ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है. क्योंकि कुछ फूड्स माइग्रेन को बढ़ावा दे सकते हैं जबकि कुछ पोषक तत्व माइग्रेन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं. माइग्रेन वाले लोगों को हरी सब्जियां, ताजे फल, साबुत अनाज, नट्स का सेवन करना चाहिए और सही मात्रा में पानी पीना चाहिए. इन फूड्स से शरीर को जरूरी विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं जो ब्रेन और शरीर की हेल्दी रखने के लिए जरूरी होते हैं. हरी सब्जियां और फल पाचन सुधरने के साथ-साथ ब्रेन को शांत रखने में मदद करते हैं और माइग्रेन के दर्द को कम करने में मददगार होते हैं. साबुत अनाज एनर्जी देते हैं, जिससे ब्लड शुगर स्थिर रहता है और सिरदर्द की संभावना कम होती है.माइग्रेन के दौरान कुछ फूड्स का सेवन करने से परहेज करना जरूरी होता है जैसे चॉकलेट, क्योंकि इसमें विटामिन होता है जो माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है. कैफीन, ज्यादा मीठा, प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक का सेवन भी माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकता है.

# एससीओ सम्मेलन:चीन ने अमेरिका को दिखाई ताकत

**चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 25वें शिखर सम्मेलन के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित 20 से अधिक विश्व नेताओं को आमंत्रित कर बंदरगाह शहर तियानजिन में शानदार प्रदर्शन किया**



तियानजिन में सार्वजनिक सौहार्द के प्रदर्शन के बावजूद एससीओ सदस्य देशों के राष्ट्रीय हितों के सामंजस्य को लेकर प्रमुख मतभेद हैं। कुछ सदस्य देश मामूली झड़पों, व्यापार बाधाओं या असंतुलन, प्रमुख शक्तियों के साथ समीकरणों और आतंकवाद का मुकाबला करने या संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा जैसे मुद्दों पर दोहरे मानकों के साथ एससीओ में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में इनमें से कुछ मुद्दों का जिक्र किया।चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 25वें शिखर सम्मेलन के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित 20 से अधिक विश्व नेताओं को आमंत्रित कर बंदरगाह शहर तियानजिन में शानदार प्रदर्शन किया।

यह चीन की संयुक्त मोर्चा रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है कि वह अमेरिका के खिलाफ एक सुरक्षित एन्क्लेव तथा बचाव का निर्माण करे और एशिया व विश्व में उससे आगे अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा दे जो राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रतीकात्मक विचार फेनफा यूवेई (कुछ हासिल करें) के अनुरूप हो।सम्मेलन के प्रतिभागियों ने भी तियानजिन से बहुत कुछ पाया है। उदाहरण के लिए व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी संघर्ष व अमेरिका तथा यूरोप के रूस के खिलाफ प्रतिबंध जैसे अत्यधिक दबाव को सह लिया है। एससीओ सभा रूस की शर्तों पर वैश्विक अलगाव को दूर करने के तरीके प्रदान करती है।

तियानजिन शिखर सम्मेलन में मोदी-पुतिन-शी की तस्वीर अमेरिका के भारत के प्रति लगातार बढ़ते अपमान और शुल्क का कड़ा जवाब है। इसके अलावा मोदी न केवल पश्चिम को रणनीतिक स्वायत्तता के संकेत भेजने में सक्षम थे बल्कि जून 2020 में गलवान में खूनी संघर्ष के बाद असहज हो गए चीन-भारत के संबंधों में स्थिरता लाने में भी सक्षम रहे।भारत एससीओ में 2005 में पर्यवेक्षक बना था। उसने 2014 में पूर्ण सदस्यता के लिए आवेदन किया और अंततः 37 करारों पर हस्ताक्षर करने के बाद 2017 में पूर्ण सदस्य बना। वर्ष 2023 में भारत एससीओ शिखर सम्मेलन का अध्यक्ष भी बना। उस समय भारत ने एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की एक आभासी बैठक आयोजित की थी।

नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भारत ने आधिकारिक संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही स्टार्ट-अप, नवाचार, बौद्ध धर्म जैसे अन्य क्षेत्रों पर ध्यान आकर्षित करके एक अलग एजेंडा पेश किया। इस एजेंडा को मोदी ने तियानजिन शिखर बैठक में भी दोहराया।तियानजिन ने एससीओ शिखर सम्मेलन के अधिकांश प्रतिभागियों के लिए अपनी एकजुटता और पुनर्समायोजन का संकेत दिया है जो विशेष रूप से अब वैश्विक और क्षेत्रीय प्रणाली की लगातार बदलती स्थिति को दर्शाती है। बैंड वैगनिंग, यूरेशियन एकीकरण, उनकी ढांचागत और अन्य जरूरतों के लिए वित्त विकल्प हासिल करना व पड़ोसी देशों में व्यापक स्थिरता के मौकों ने रुचि पैदा की है।उदाहरण के लिए तियानजिन शिखर सम्मेलन में एससीओ विकास बैंक की स्थापना की घोषणा की गई। चीन ने ऋण में 10 अरब युआन के अलावा सदस्य देशों को 28 करोड़ डॉलर की सहायता की घोषणा की। ब्रिक्स नव विकास बैंक की तरह ही इससे न केवल क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे के निर्माण में योगदान करने की उम्मीद है बल्कि सदस्य राज्यों की पश्चिम तथा अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को भी काफी हद तक कम करने की उम्मीद है।

यह महत्वपूर्ण है क्योंकि ब्रेटन वुड्स सिस्टम और संस्थान के तहत आने वाली मौद्रिक प्रणाली ग्लोबल साउथ देशों की बढ़ती आवश्यकताओं और ढांचागत जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ रही है। ऐसा तब है जब कई चीनी-वित्त पोषित परियोजनाएं कर्ज के जाल में फांसने के विवाद में घिर गई हैं।

एससीओ प्रोफाइल अपने आप में प्रभावशाली है। 1996 में केवल पांच देश इसका हिस्सा थे लेकिन 2001 के बाद से यह मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया को कवर करते हुए सबसे बड़ा क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन बन गया है।एससीओ वर्तमान में 10 सदस्य देशों, 2 पर्यवेक्षक राज्यों और 14 संवाद भागीदारों तक विस्तारित हो गया है। इसमें वैश्विक आबादी का लगभग 44 प्रतिशत और दुनिया की जीडीपी का एक चौथाई (लगभग 30 लाख करोड़ डॉलर) शामिल है।

एससीओ को सीमावर्ती क्षेत्रों में क्षेत्रीय विवाद समाधान और असैन्यीकरण के लिए जाना जाता है। 1990 के दशक में समझौतों और विश्वास निर्माण उपायों की घोषणा की गई और सीमाओं को समेकित किया गया। ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान के बीच अंतर-राज्य संघर्ष जैसी कुछ घटनाओं के बावजूद यूरेशियन क्षेत्र शांति प्रदर्शित करता है।

आतंकवाद का मुकाबला करने पर एससीओ का ध्यान है और वह क्षेत्रीय विषयों पर भी नजर रख रहा है। इसने 2002 में क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना (आरएटीएस) की स्थापना की जिसका मुख्यालय 2022 तक ताशकंद में था लेकिन अब मास्को में स्थानांतरित हो गया। भले ही आतंकी संगठनों से निपटने के बारे में गंभीर विरोधाभास व दोहरे मानदंड मौजूद हों लेकिन आरएटीएस आतंकवादियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अर्धसैनिक अभ्यासों से संबंधित डेटा एकत्र करने में एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन के रूप में उभर रहा है।एससीओ सदस्य देशों की भागीदारी, डेटा बेस, आतंकवादी समूहों के खिलाफ जानकारी साझा करने, मादक पदार्थों की तस्करी, हथियारों की तस्करी एवं अन्य मामलों के साथ शांति मिशन अभ्यास जैसे संयुक्त अभ्यासों का आयोजन धीरे-धीरे इसे एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में विकसित कर रहा है।

1998 में अपनी नई दिल्ली यात्रा के दौरान जब रूसी प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण का उल्लेख किया था उस समय से ही एससीओ अमेरिका की एकतरफा नीतियों का दृढ़ता से मुकाबला कर रहा है। 2005 में अपनी शिखर बैठक में एससीओ ने कहा था कि अमेरिका मध्य एशिया से सैनिकों को वापस लेने के लिए एक समय सारिणी बनाए।अफगानिस्तान में अपने सैनिकों की मौजूदगी और अमेरिका की तमाम कोशिशों के बावजूद यूरेशियन क्षेत्र काफी हद तक अमेरिकी प्रभाव की सीमा से बाहर रहा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के साथ चर्चा व मध्य एशिया तथा दक्षिण एशिया के अतिरिक्त कार्यों के साथ भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर की नियुक्ति यूरेशियन क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयास हैं।भले ही ट्रम्प प्रशासन ऊर्जा के क्षेत्र में ऐसे कनेक्शनों को, विशेष रूप से भारत से जुड़े कनेक्शन को निशाना बना रहा है। इसके बावजूद 2013 में स्थापित एससीओ एनर्जी क्लब,ऊर्जा के सबसे बड़े उत्पादकों (रूस, कजाकिस्तान, ईरान व कुछ अन्य) तथा ऊर्जा उपभोक्ताओं (चीन, भारत एवं अन्य) के रूप में एक अद्वितीय और उपयोगी संयोजन प्रदान करता है।तियानजिन में सार्वजनिक सौहार्द के प्रदर्शन के बावजूद एससीओ सदस्य देशों के राष्ट्रीय हितों के सामंजस्य को लेकर प्रमुख मतभेद हैं। कुछ सदस्य देश मामूली झड़पों, व्यापार बाधाओं या असंतुलन, प्रमुख शक्तियों के साथ समीकरणों और आतंकवाद का मुकाबला करने या संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा जैसे मुद्दों पर दोहरे मानकों के साथ एससीओ में प्रवेश कर रहे हैं।

संपादकीय

# शांति की ओर मणिपुर

निस्संदेह, पिछले दो वर्ष से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर सकते हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। मई, 2023 में मैतेई और कूकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा होगी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। उनका यह भी आरोप रहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की स्थिति के नियंत्रण में अपनी विफलता के बावजूद एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद पर बनाये रखा था। इससे बढ़कर यह भी कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन पर तटस्थता न दिखाने और हिंसा के प्रति संवेदनहीन बने रहने के आरोप भी लगाए गए। कालांतर विपक्ष के दबाव के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से लेकर अब तक राज्य राष्ट्रपति शासन के तहत संचालित है। वहीं हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं।

निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। निश्चय ही, सामान्य स्थिति की ओर बढ़ने के लिये मोदी सरकार को अब समय नहीं गवांना चाहिए। निस्संदेह, मणिपुरियों ने पहले ही इस राहत के लिये बहुत लंबा इंतजार किया है। यह अच्छी बात है कि कूकी-जो काउंसिल ने अलग से राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को खोलने का फैसला लिया है। यह राजमार्ग मणिपुर से होकर गुजरता है। निस्संदेह, इस कदम से जहां राज्य में जीवन की जरूरी चीजों की आपूर्ति सरल होगी, वहीं विस्थापित परिवारों और राहत शिविरों में हालात के चलते रह रहे नागरिकों की मुश्किलें कम हो सकेंगी। वहीं पिछले कुछ महीनों से राज्य में जारी शांति की स्थिति को स्थायी बनाने की दिशा में शासन-प्रशासन की ओर से गंभीर प्रयासों की जरूरत है। सुखद यह भी है कि समझौते में कूकी संगठनों ने अपने शिविरों की संख्या कम करने तथा हथियारों को निकटवर्ती बीएसएफ और सीआरपीएफ शिविरों में पहुंचाने पर भी सहमति जतायी है।

# नेताओं को सुधारने के लिए बन रहे हैं इंडोनेशिया जैसे हालात

इंडोनेशिया की राजधानी में संसद पहुंचने की कोशिश कर रहे हजारों पत्थरबाज छात्रों पर दंगा पुलिस ने आंसू गैस के कई राउंड दागे। ये छात्र संसद सदस्यों के भव्य भत्तों का विरोध करने के लिए वहां पहुंचे थे। प्रदर्शनकारी हाल की रिपोर्टों से नाराज थे कि प्रतिनिधि सभा के 580 सदस्यों को सितंबर 2024 से प्रति माह 50 मिलियन रुपिया (एसडी 3,075) का आवास भत्ता मिल रहा है। सांसदों को प्रति महीने दिया जाने वाला भत्ता एक इंडोनेशियाई नागरिक के प्रति महीने आय से 20 गुना ज्यादा है। इंडोनेशिया की संसद के 580 सदस्यों को सितंबर 2024 से 5 करोड़ रुपये (3,075 डॉलर) आवास भत्ता के तौर पर दिए जा रहे हैं। इंडोनेशिया में भ्रष्टाचार व्याप्त है और कार्यकर्ताओं का कहना है कि 28 करोड़ से ज़्यादा की आबादी वाले देश में पुलिस और संसद सदस्यों को व्यापक रूप से भ्रष्ट माना जाता है। नेताओं के रवैये को देखकर लगता है कि भारत में भी देर-सबेर ऐसे हालात बन रहे हैं। मंत्री, सांसद-विधायकों का सही मायने में देश के लोगों की हालत से ज्यादा सरोकार नहीं रह गया है। संसद के मॉनसून सत्र में लोकसभा में चर्चा के लिए 120 घंटे तय थे किन्तु 37 घंटे ही चर्चा हो पाई। हंगामें के कारण कार्रवाई ठप होने से जनता कई सौ करोड़ के धन का नुकसान हुआ। लगातार व्यवधानों के कारण केवल एक तिहाई समय तक ही सक्रिय रूप से चल पाया। इसमें बड़ा हिस्सा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का रहा। अधिकांश समय हंगामे में बीता, जिससे विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित किए गए। राज्य सभा में 285 सवाल पूछने के बावजूद केवल 14 सवालों का ही जवाब सत्र के दौरान दिया गया। लगातार 20 दिनों तक इंडिया ब्लॉक से जुड़े विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के पुनर्निरीक्षण केमुद्दे पर लोक सभा और राज्य सभा के अंदर और बाहर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। इसकी वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही काफी बाधित हुई। राज्य सभा के डिप्टी चेयरमैन हरवंश ने मॉनसून सत्र के आखिरी दिन अपने समापन भाषण में कहा कि कुल मिलाकर, सदन केवल 41 घंटे 15 मिनट ही चल पाया। इस सत्र की उत्पादकता निराशाजनक रूप से सिर्फ 38.88 प्रतिशत रही, जो गंभीर आत्मचिंतन का विषय है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुने हुए जनप्रतिनिधी देशहित के लिए कितने गंभीर हैं।



काम नहीं तो वेतन नहीं, संसद में इस मुद्दे पर कोई आवाज नहीं उठाता। किसी भी कारण से संसद का कामकाज हो या नहीं, इससे सांसदों को फर्क नहीं पड़ता। उन्हें पूरा वेतन-भत्ता मिलता है। काम नहीं करने के आधार पर इसमें कटौती की कोई चर्चा तक नहीं करता। दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश के निर्दलीय सांसद उमेश पटेल अकेले ऐसे सांसद रहे जिन्होंने यह मांग उठाई। उन्होंने कहा था कि अगर सदन नहीं चलता है, तो सांसदों को भत्ता भी नहीं मिलना चाहिए। उनका दावा था कि सांसदों को भत्ता तो मिलता है, लेकिन जनता के काम नहीं हो पाते। उन्होंने आरोप लगाया था कि सत्ता और विपक्ष दोनों की इगो के कारण सदन नहीं चलने दिया जा रहा है, जबकि विपक्षी दल सरकार को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन में कार्य नहीं होने पर सांसदों का वेतन और अन्य लाभ रोके जाने चाहिए। संसद की कार्रवाई ठप करने के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोपों का ठीकरा फोड़ते हैं, लेकिन जब बात वेतन-भत्ते बढ़ाने की आती है तो सब मिल कर एक हो जाते हैं। इस पर कोई बहस तक नहीं होती। वेतन-भत्तों के एवज में सांसदों की उत्पादकता कितनी रही, इसका विश्लेषण तक नहीं किया जाता। देश जब 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाता है, तब उस दौरान मॉनसून सत्र में 79 घंटे भी संसद नहीं चली। देश की संसद के मॉनसून सत्र में लोकसभा में 83 घंटे काम नहीं हुआ। इससे 124 करोड़ 50 लाख रुपए जनता का धन बर्बाद हुआ। राज्यसभा में 73 घंटे ठप रही, इससे 80 करोड़ रुपए व्यर्थ गए। मतलब दोनों सदनों में मिलाकर 204 करोड़ 50 लाख रुपए बर्बाद कर दिए गए। संसद में जहां घंटाभर बैठकर सांसद काम नहीं कर सकते हैं, उन्हें ही 5-5 साल की जिम्मेदारी देकर जनता भेज देती है। संसद में बैठने वाले 93 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, जिन्हें अभी एक लाख 24 हजार रुपए हर महीने वेतन मिलता है। संसदीय क्षेत्र भत्ता 84 हजार रुपए होता है। दैनिक भत्ता सांसदों का 2500 रुपए है। वेतन भत्ता जोड़कर हर सांसद को हर महीने दो लाख 54 हजार रुपए जनता के पैसे से दिया जाता है। देशहित के नाम पर हंगामा कर संसद की कार्रवाई ठप करने में सांसद कोई मौका नहीं छोड़ते पर जब बात वेतन-भत्ते बढ़ाने की आती है तो सब एक हो जाते हैं। गत वर्ष संसद सदस्यों के वेतन में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। नया वेतन 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी माना गया। इसके साथ ही सांसदों का मासिक वेतन कुछ भत्तों और सुविधाओं के अलावा 1.24 लाख रुपये हो गया है। सरकार का कहना था कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई। वहीं पूर्व सदस्यों के लिए पांच साल से अधिक की सेवा पर प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन की घोषणा की गयी। इसमें कहा गया है कि दैनिक भत्ता 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 31,000 रुपये प्रति माह कर दी गई। पांच साल से अधिक की सेवा पर प्रत्येक वर्ष के लिए अतिरिक्त पेंशन 2,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रति माह कर दी गई। 1954 के सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत उन्हें यह सुविधा दी गई है। हर पांच साल में होता है रिव्यू 2018 के बाद से सांसदों के वेतन और भत्ते की हर पांच साल पर समीक्षा होती है। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है। 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों के लिए कानून में संशोधन किया गया था। सांसदों को विट्ठलभाई पटेल (वीपी) हाउस में हॉस्टल से लेकर मध्य दिल्ली में दो बेडरूम वाले फ्लैट और बंगले तक आवास मिलता है। उन्हें बिजली, पानी, टेलीफोन और इंटरनेट शुल्क के लिए भी राशि दी जाती है। संसद में निरंतर हंगामे के परिणामस्वरूप दोनों सदनों में लंबे समय तक स्थगन होता है जो अंततः सदन में सार्वजनिक नीति के निर्माण को प्रभावित करता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक है, जहां नीति पर अपनी राय के साथ हर किसी की अपनी आवाज है, लेकिन ये लंबे समय तक व्यवधान संसद की क्षमता को कम कर रहा है। दिन के अंत में हमें क्या परिणाम मिलता है, और चर्चा से हमें कितना लाभ होता है? संसद अपने नियम और विनियम बनाती है, विधायी निकायों के प्रभावी कामकाज के लिए उन नियमों और विनियमों का पालन करना सदस्यों पर निर्भर है। ऐसा कब तक होगा? संसद को व्यक्तिगत स्तर और पार्टी स्तर दोनों पर आंतरिक जांच और संतुलन के साथ आना होगा। बार-बार व्यवधान डालने पर आनुपातिक दंड लगाया जा सकता है। एक संसद व्यवधान सूचकांक तैयार किया जा सकता है जिस पर व्यवधानों का स्वतः निलंबन लागू किया जा सकता है। साथ ही संसद के कार्य दिवसों में वृद्धि की जानी चाहिए। लगातार व्यवधान एक नया मानदंड बनता जा रहा है जो पार्टियों के बीच विश्वास की कमी को बढ़ाता है।

